# City 24 News

शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर वर्ष 2, अंक 04 पेज 8 वीरवार 04 जनवरी, 2024 संपर्कः 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media


## यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार जल्द, 14 जनवरी के बाद ओपी राजभर का मंत्री बनने का सपना हो सकता है पूरा

**सिटी 24 न्यूज**

2024 लोकसभा चुनाव को लेकर एक ओर जहां सभी राजनीतिक पार्टी अपनी अपनी तैयारियां में जुटी हैं, वहीं यूपी में सबकी निगाहें मंत्रिमंडल विस्तार पर टिकी हुई हैं। माना जा रहा है कि खरमास खत्म होते ही 14 जनवरी के बाद किसी भी शुभ तारीख को मंत्रिमंडल विस्तार का एलान किया जा सकता है। चर्चा यह भी है कि मंत्रिमंडल विस्तार भारी भरकम ना होने के बजाए चंद लोगों को मंत्री बनाया जा सकता है। इसमें सुभासपा मुखिया ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाने की चर्चा जोरों पर चल रही है।



दरअसल 2022 विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार से बगावत करके विरोधी खेमे में शामिल हो जाने वाले ओपी राजभर अब NDA का हिस्सा बन चुके हैं। ओपी राजभर एक ओर लोकसभा चुनाव के लिए 5 सीटों की मांग कर रहे हैं। साथ ही योगी मंत्रिमण्डल का फिर से हिस्सा बनना चाहते हैं। राजभर को बीजेपी के साथ आये 6 महीने का समय हो गया है, लेकिन अभी तक उनके मंत्री बनने का सपना पूरा नहीं हो पाया है। इसको लेकर सुभासपा मुखिया हाल ही में दिल्ली में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात भी की थी। इसके बाद से ये कयास लगाए जा रहे थे कि योगी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार जल्द हो सकता है।

**जातीय और राजनीतिक समीकरण का रखा जाएगा ध्यान**

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में यूपी की सभी 80 की 80 सीटें जीतने के लिए बीजेपी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसीलिए मंत्रिमंडल विस्तार में जातीय और राजनीतिक समीकरणों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यही वजह है कि बीजेपी ओपी राजभर के साथ-साथ दारा सिंह चौहान को भी मंत्रिमंडल में जगह दे सकती है। बताया यह भी जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व से ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद योगी मंत्रिमंडल विस्तार का रास्ता साफ हो गया है।


## आडवाणी को अरेस्ट नहीं करने पर लालू ने रुकवाया था रणधीर वर्मा का प्रमोशन खास इंटरव्यू में बोलीं पूर्व सांसद रीता वर्मा

**सिटी 24 न्यूज**

बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी को अरेस्ट नहीं करने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव ने मेरे पति रणधीर प्रसाद वर्मा का प्रमोशन रुकवा दिया था। लालू प्रसाद यादव ने एक दिन में कई बार फोन कर आडवाणी को धनबाद में ही अरेस्ट करने का दबाव बनाया था। अगर रणधीर वर्मा का प्रमोशन हो जाता तो वे डीआईजी बन फील्ड ड्यूटी से मुक्त हो जाते। ऐसे में उन्हें बैंक लूटने पहुंचे आतंकियों से लोहा लेने के लिए जमीन पर नहीं उतरना पड़ता और वे शहीद न होते। रणधीर प्रसाद वर्मा की पत्नी और पूर्व सांसद प्रो. रीता वर्मा ने एनबीटी ऑनलाइन से खास इंटरव्यू में यह खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उस वक्त लालू यादव ने फोन पर पति रणधीर वर्मा को लालकृष्ण आडवाणी को अरेस्ट करने का आदेश दिया था। जिसपर रणधीर वर्मा ने साफ शब्दों में कहा था कि बगैर किसी अपराध के किसी को अरेस्ट नहीं किया जा सकता। रणधीर वर्मा ने जब यही कथन लिखित में मांगे तो तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव ने पल्ला झाड़ लिया था।

**33 साल पहले गई थी रणधीर वर्मा की जान**

33 साल पहले आज ही के दिन धनबाद पुलिस



को सूचना मिली थी कि आतंकी बैंक लूटने की कोशिश कर रहे थे। सूचना मिलते ही तत्कालीन धनबाद के तत्कालीन एसपी रणधीर वर्मा मौके पर पहुंच गए। उनके साथ एक मामूली रिवाल्वर था। इसी हथियार के बल पर उन्होंने आतंकियों से मुकाबला किया और शहीद हो गए। अब उनकी शहादत पर पत्नी रणधीर वर्मा ने एनबीटी ऑनलाइन से खास बातचीत में कई खुलासे किए।

**3 जनवरी 1991 की सुबह रांची के लिए निकली थी**

एनबीटी ऑनलाइन से खास बातचीत में प्रो. रीता वर्मा ने बताया कि घटना के दिन ही वह रांची के लिए निकली थी। बीच रास्ते में गोला के पास पुलिस विभाग के एक उच्च अधिकारी ने गाड़ी को ओवरटेक किया और वापस धनबाद चलने का आग्रह किया। बार - बार पूछने पर भी वे वापसी का कारण नहीं बता रहे थे, पर उनकी खामोशी सबकुछ बयां कर रही थी। किसी अनहोनी का आभास हो गया था और जब धनबाद पहुंची तो सबकुछ आईने की तरह साफ हो चुका था। सामने मेरे पति एक जांबाज पुलिस ऑफिसर का शव तिरंगे में लिपटा पड़ा था। 3 जनवरी 1991 का वह दिन आज भी मेरे लिए काला दिवस तो है ही साथ ही इसी कालीमा में एक गौरव का भी भाव है।

## लोकसभा चुनाव से पहले लागू होगा सीएए? नियम बनकर तैयार, पोर्टल भी रेडी, यूं आवेदन कर सकेंगे शरणार्थी

**सिटी 24 न्यूज**

तीन पड़ोसी मुस्लिम देशों से आए अल्पसंख्यकों को नागरिकता में सहूलियत देने वाला कानून लोकसभा चुनाव से पहले ही लागू हो सकता है। अंग्रेजी अखबार द इंडियन एक्सप्रेस ने सरकारी सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (ष्ट) के लिए नियमों का नोटिफिकेशन लोकसभा चुनावों के ऐलान से काफी पहले ही जारी कर दिए जाएंगे। स्वाभाविक है कि सीएए लागू हुआ तो यह लोकसभा चुनाव का भी बड़ा मुद्दा बनेगा। बीजेपी इसे अपने पक्ष में भुनाने का भरपूर प्रयास करेगी जबकि विपक्षी दल इसे मुस्लिम विरोधी कदम बताकर अल्पसंख्यक वोटों का ध्रुवीकरण करने की जुगत लगाएंगे।




कानून पारित होने के तुरंत बाद देशभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। मुसलमानों, सिविल सोसाइटी के तबके और कुछ संगठनों ने सीएए का यह कहकर विरोध किया कि इसमें मुसलमानों को बाहर रखा गया है। लंबे समय तक चले विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर कानून लागू करने के लिए सरकार ने नियम ही नहीं बनाए और इसके लिए बार-बार समय बढ़ाने का अनुरोध करती रही। सूत्रों ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि अब नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है। सूत्रों ने कहा कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और आवेदक अपने मोबाइल फोन से भी आवेदन कर सकते हैं।

**सबकुछ तैयार, कभी भी नोटिफाई हो सकते हैं नियम**


सूत्रों ने कहा, हम आने वाले दिनों में सीएए के लिए नियम जारी करने जा रहे हैं। एक बार नियम जारी होने के बाद कानून लागू किया जा सकता है और जो पात्र हैं, उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान की जा सकती है। यह पूछे जाने पर कि क्या नियम लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले अधिसूचित किए जाएंगे, सूत्रों ने कहा, सब कुछ तैयार है और हां, उन्हें चुनाव से पहले लागू किए जाने की संभावना है। आवेदकों को बिना यात्रा दस्तावेजों के भारत में ष्करने का वर्ष घोषित करना होगा। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा।

## ड्राइवरों की हड़ताल से पेट्रोल पंप सूखे, सब्जियां, फल, दवाईयों की किल्लत, आज बन सकती है बात

**सिटी 24 न्यूज**

नए कानून में हिट ऐंड रन मामलों में कड़ी सजा के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। इस कारण से जम्मू-कश्मीर से महाराष्ट्र तक कई राज्यों में तेल, फल-सब्जी समेत जरूरी चीजों की सप्लाई पर असर पड़ा। एमपी और राजस्थान समेत 10 राज्यों से पेट्रोल पंप खाली होने की खबरें आईं। पेट्रोलियम उद्योग से जुड़े लोगों ने बताया कि उत्तर भारत में 2000 पेट्रोल पंप खाली हो गए हैं। डर के मारे जरूरी चीजें जमा करने का खतरा बढ़ गया है। इस बीच केंद्र सरकार ने हड़ताली समूहों से बातचीत शुरू की है। केंद्रीय गृह सचिव ने मंगलवार शाम हड़ताली समूहों से बात भी की। दिन में ट्रांसपोर्टरों की सबसे बड़ी यूनियन 'ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस' ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हड़ताली ड्राइवरों के प्रति समर्थन जताया और सरकार से नया कानून वापस लेने की मांग की। कांग्रेस भी हड़तालियों के समर्थन में है।





**दिल्ली में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़**

दिल्ली में भी अन्य दिनों की तुलना में पेट्रोल पंपों में ज्यादा भीड़ देखी गई। लेकिन चारों तेल में डिपो सप्लाई बेअसर रही। लेकिन 400 क्लस्टर बसें सड़कों पर नहीं उतरीं। वहीं, ISBT में भी यूपी और पंजाब की तरफ जाने वाली बसें कम रहीं। दूसरे राज्यों में विरोध प्रदर्शनों का असर सप्लाई पर एक-दो दिन में दिख सकता है।

महाराष्ट्र के नासिक में ट्रक चालकों ने हड़ताल वापस ली है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि हड़ताल तुरंत खत्म करवाएं। ड्राइवरों में डर, गुस्सा, चिंता है। अगर कोई रास्ता नहीं निकला, तो हालात गंभीर हो सकते हैं। एक ही हल है, सरकार (नए) कानून को वापस ले।

## महुआ मोइत्रा की याचिका पर एससी ने लोकसभा सचिवालय को दिया नोटिस, नहीं मिली सदन में बैठने की अनुमति



**सिटी 24 न्यूज**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा द्वारा संसद के निचले सदन से उनके निष्कासन को चुनौती देने वाली याचिका पर लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया। अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए, संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने लोकसभा के महासचिव से जवाब मांगा और मार्च में मोइत्रा की याचिका को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। मोइत्रा को 8 दिसंबर को संसद के निचले सदन से निष्कासन किया गया था।

मार्च में होगी सुनवाई

उसी को चुनौती देते हुए संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर संसदीय क्षेत्र से सांसद ने अपनी याचिका में अपने निष्कासन के फैसले को अनुचित, अन्यायपूर्ण और मनमाना बताया है। उनके खिलाफ कार्रवाई संसदीय प्रश्नों के लिए नकद आरोप पर एथिक्स कमेटी की जांच के बाद की गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मोइत्रा की सदन की कार्यवाही में शामिल होने देने की अंतरिम प्रार्थना पर आदेश पारित करने से इनकार करते हुए कहा कि इसकी अनुमति देना मुख्य याचिका को स्वीकार करने के समान होगा। न्यायमूर्ति खन्ना ने मोइत्रा की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा, "हम अंतरिम राहत की आपकी याचिका पर मार्च में सुनवाई करेंगे।

## लखनऊ के नाका में धंस गई निर्माणाधीन बिल्डिंग, बगल के मकान में दरार आने से फैली दहशत



**सिटी 24 न्यूज**

यूपी की राजधानी लखनऊ के नाका इलाके में मंगलवार को हादसा हो गया। आर्यनगर में बन रही एक बिल्डिंग धंस गई। इसकी वजह से बगल के मकान में दरार आ गई। इसके चलते पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि निर्माणाधीन बिल्डिंग का बेसमेंट अवैध तरीके से खोदा गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने रस्सी से बैरिकेड कर जमा भीड़ को दुर्घटनास्थल से दूर हटाया।

## मुरैना जिला अस्पताल में बच्चों के वार्ड में लगी आग, मैनेजमेंट के अलर्टनेस से बड़ा हादसा टला

**सिटी 24 न्यूज**

शहर के जिला हॉसपिटल की नई बिलडिंग में ऑपरेट हो रहे नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में शॉर्ट सर्किट के कारण हल्की आग लगने की घटना सामने आई। आग के चलते वार्ड धुएं से भर गया। आग लगने का पता चलते ही हॉसपिटल में हड़कंप मच गया। आनन फानन में बच्चों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया। इकाई में उपयोग होने वाले उपकरण को भी बाहर निकाला गया। हॉसपिटल में लगी आग के चलते सम्पूर्ण भवन की विद्युत बंद कर दी गई। मौके पर पहुंचे



अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी डॉक्टर नर्सिंग स्टाफ सहित जिला प्रशासन के अधिकारी।

**बड़ा हादसा टला, परिजन हुए जमा**

नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई की में भर्ती बच्चों में किसी प्रकार से कोई हताहत नहीं हुआ। शॉर्ट सर्किट से भडक़ी आग विद्युत बंद होते ही हो गई बंद। आगजनी होने के कारण बच्चों के परिजन हो गये एकत्रित, जिला चिकित्सालय प्रशासन पर लगा रहे हैं लापरवाही का आरोप।

## टीवी पर शहजाद और लावण्या में ऐसी क्या हो गई बहस कि सोशल मीडिया पर मच गया हंगामा

**सिटी 24 न्यूज**

हाल के दिनों में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टीवी पर जमकर डिबेट होती है। दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ ताबड़तोड़ हमले करते हैं। ऐसा ही एक टीवी डिबेट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस डिबेट में कांग्रेस नेता लावण्या जैन और बीजेपी प्रवक्ता शहजाद जय हिंद के बीच कुछ मुद्दों पर जमकर शब्दबाण चल रहे हैं। यही वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

एक टीवी चैनल पर डिबेट में लावण्या बीजेपी प्रवक्ता शहजाद जय हिंद के सवाल का जवाब देते हुए उनपर उनके नाम का गलत तरीके से उच्चारण करने का आरोप लगा रही हैं। इसी दौरान जय हिंद ने कहा कि इसमें गलत और वल्गर क्या है? लावण्या ने कहा कि उनका नाम लावण्या बलाल जे है। उन्होंने कहा कि अगर जय हिंद को उनका नाम एनाउंस करने में कोई दिक्कत है तो वल्गर शब्द का प्रयोग नहीं करें। इसके बाद लावण्या ने एंकर को भी अपने गेस्ट पर नियंत्रण करने की सलाह देती नजर आ रही हैं। इसके बाद एंकर ने कहा कि यहां सवाल बीजेपी का दक्षिण में विस्तार को लेकर है। इससे पहले बीजेपी प्रवक्ता ने तमिलनाडु और कर्नाटक में केंद्र सरकार के द्वारा किए गए काम को गिनाया था।



# महिला सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**सिटी 24 न्यूज/प्रीति सहगल**

**गोहाना।** आज महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती शान देवी ने किया। कार्यक्रम में राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रोहतक की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० मीनू नैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। सर्वप्रथम प्राचार्या डॉ० सुदेश लाठर जी ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया व विद्यार्थियों में संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान समय में लड़कियों का सशक्त होना बहुत जरूरी है ताकि वे अपने हक के लिए लड़ सके। डॉ0 मीनू नैन ने अपने व्याख्यान में बताया कि महिलायों का सशक्त होना बहुत जरूरी है ताकि एक सभ्य परिचय, समाज व सशक्त देश का निर्माण हो सके। महिला सशक्तिकरण के रास्ते में प्रमुख रूप से पितृसत्तात्मक सोच, दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा आदि रूकावट पैदा करने वाले विषयों के प्रति सोच बदलनी होगी। साथ ही उन्होंने सभी से आहवान किया कि महिलाओं को सकारात्मक रूप से सशक्त होना चाहिए नकारात्मक रूप में नहीं।



कार्यक्रम को साफल बनाने में डॉ0 ज्योति व महक का विशेष सहयोग र हा। प्राचार्या डॉ० सुदेश लाठर जी ने मुख्य कतिथि को स्मृति स्वरूप पौधा भेंट किया। इस अवसर पर अनिल बडगूजर, डॉ0 राजेश डावर, डॉ० कविता राठी,,ज्योति रानी, निकिता,डॉ0 गीता व सन्तोष ग्रेवाल भी उपसथित रहे।

# फरीदाबाद के खंदावली गांव पहुंची मोदी की गारंटी वाली गाड़ी लोगों ने सभी सुविधाओं का उठाया लाभ

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के खंदावली गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों की ओर से जोरदार स्वागत किया गया इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाए गए कैंप के माध्यम से योजनाओं का लाभ उठाया, इस मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का नेतृत्व करने पहुंचे पृथला से पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता टेकचन्द शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का नतीजा है कि आज पूरा प्रशासन गांव चलकर जा रहा है और लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है एक वो भी समय था जब लोगों को अपने काम करने के लिए अधिकारियों के दफ्तरों की धूल फाकनी पड़ती थी, और उनके काम भी नहीं हो पाए थे परंतु आज मोदी की गारंटी के चलते सभी अधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों की समस्या का समाधान कर रहे हैं। वही कैंप के माध्यम से योजनाओं का लाभ लेने वाली महिलाओं ने बताया कि लगातार सरकार के इन योजनाओं का लाभ उन्हें उनके गांव में मिल रहा है जो कि उनके लिए बेहद अच्छा है महिलाओं ने बताया कि वह अपने काम करने के लिए घर से बाहर नहीं निकाल पाती थी और अधिकारियों के दफ्तरों तक जाने की बात तो दूर थी परंतु आज खुद अधिकारी उनके गांव में आए हैं और उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।।

वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव पहुंचने पर ग्रामीणों के साथ स्वागत करने वाले गांव के सरपंच ने बताया कि भाजपा सरकार की अच्छी योजना है कि गांव गांव जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करना ऐसे में जो लोग अधिकारियों के दफ्तर तक जाने में असमर्थ रहते थे जिसके चलते उनके काम नहीं हो पाए थे ऐसे में इस योजना के तहत अब लोग अपने काम आसानी से कर सकते हैं साथ ही सभी विभागों की जानकारी भी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

# सांसद रमेश कौशिक ने गोहाना पुलिस को जनसेवा के लिए भेंट की 10 मोटरसाईकिलें व एक जीप

**सिटी 24 न्यूज/प्रीति सहगल**

**गोहाना।** गोहाना के सौगाती दौरे के दौरान सांसद रमेश कौशिक ने गोहाना पुलिस को भेंट की गई 10 मोटरसाईकिलों व एक जीप को जनसेवा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि जल्द ही गोहाना में एचएसवीपी के दो नये सेक्टर विकसित किये जायेंगे। इससे गोहाना विकास पथ पर तीव्र गति से अग्रसर होगा, जिसका सीधा लाभ गोहानावासियों को मिलेगा। गोहाना पुलिस की मांग को सांसद रमेश कौशिक ने अति शीघ्र पूर्ण किया। उन्होंने कहा कि पुलिस को जनसेवा व जनसुरक्षा को मजबूती देने के लिए कुछ मोटरसाईकिलों की आवश्यकता थी, जिसे पूरा कर दिया गया है। यह मोटरसाईकिल व जीप एंबुलेंस सेवा के रूप में लोगों को सेवाएं प्रदान करेंगी। साथ ही चप्पे-चप्पे की निगरानी के लिए गशत भी की जाएगी। इससे लोगों को पुलिस सेवा और बेहतरीन रूप में मिलेगी।

लघु सचिवालय में मोटरसाईकिल व जीप को हरी झंडी दिखाने के बाद सांसद रमेश कौशिक ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में पत्रकारों से विशेष बातचीत की। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि गोहाना में सेक्टर-13 व सेक्टर-16 को अति शीघ्र विकसित करवायेंगे, जिससे लोगों को बेहतरीन आवासीय सुविधाएं मिलेगी। इससे क्षेत्र के विकास को भी बल मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सांसद के नाते ऐसा कोई कार्य शेष नहीं है जो उनके लोकसभा क्षेत्र में न हुआ हो। राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ रेलवे परियोजनाओं ने क्षेत्र के विकास को विशेष बल प्रदान किया है। गोहाना के रेलवे स्टेशन को भी अत्याधुनिक रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने अन्य विकास परियोजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी। तदोपरांत सांसद रमेश कौशिक ने मातण्ड में करीब 15 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित वाल्मीकि चौपाल व अनुसूचित जाति की चौपाल का लोकार्पण किया। इसके पश्चात सांसद ने बिचपड़ी में विभिन्न सडक़मार्गों को लोकार्पित किया। इनमें गांव बिचपड़ी से राममेहर के खेत तक, बिचपड़ी से दलीप के खेत तक तथा बिचपड़ी से वाया मातण्ड रोड से सुरजवाला तालाब तक और बिचपड़ी से हुड्डा वाले रोड से होते हुए पंडित धर्मदत्त के खेत तक के सडक़मार्ग शामिल रहे। इस अवसर पर सांसद ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी कोई भी मांग शेष नहीं रहने दी जाएगी। विकास की गति जारी रहेगी। इस अवसर पर डीसीपी भारती, एसडीएम आशीष कुमार, भाजपा के जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, जसबीर दोदवा, इंद्रजीत विरमानी, बलराम कौशिक, प्रदीप, राजेश, सतपाल आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



# माजरा एम्स के निर्माण के लिए सड़क पर उतरे वकील



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र, सचिव मन प्रिय यादव, कैशियर विवेक यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में वकीलों ने सचिवालय तक माजरा एम्स का शिलान्यास करने, तुरंत निर्माण शुरू करने, ओपीडी शुरू करने, एमबीबीएस की क्लास चालू करने आदि मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और उपायुक्त की मार्फत प्रधानमंत्री को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई माजरा एम्स का शिलान्यास किया जाए, तुरंत निर्माण कार्य किया जाए। ओपीडी शुरू की जाए। एमबीबीएस की क्लास चालू की जाए। एडवोकेट कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने वकीलों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हाड़ कपाने वाली कड़ाके की सर्दी में एम्स संघर्ष समिति के तत्वाधान में आम नागरिक पिछले 2 अक्टूबर से कुंड में धरने पर बैठे है, वे हमारे ही मात पिता है, उनके जायज आंदोलन को समर्थन देना हम सब का फर्ज है, क्योंकि वकील ही समाज के सबसे जागरूक नागरिक है। प्रधान विश्वामित्र ने कहा कि अगर सरकार की तरफ से सकारात्मक जवाब नहीं मिलता है तो 13 जनवरी को कुंड धरने पर एडवोकेट्स की रैली आयोजित की जायेगी। सचिव मन प्रिय, कैशियर विवेक यादव ने शामिल वकीलों का आभार प्रकट किया।

# श्रीराम भक्त का स्वागत करने को मुकेश कापडीवास के नेतृत्व में उमड़े युवा

## श्रीराम ध्वजा लेकर कड़ाके की ठंड के बीच अयोध्या के लिए निकले हैं विकास यादव

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** नारनौल से अयोध्या के लिए भगवान श्रीराम की ध्वजा लेकर पैदल निकले विकास यादव का बुधवार को पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापडीवास के कार्यालय में भाजपा नेता मुकेश कापडीवास के नेतृत्व में भारी संख्या में मौजूद युवाओं ने भगवान श्रीराम के नारे व फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में लॉ की पढाई कर रहे विकास यादव ने कहा कि एक जनवरी को अपने नारनौल स्थित अपने गांव से यात्रा की शुरुआत की थी, 22 जनवरी को भगवान श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा के दिन अयोध्या पहुंचकर ध्वजा चढाकर यात्रा का समापन किया जाएगा। यात्रा का मकसद युवाओं में सनातन चेतना का जाग्रत करना है। वहीं इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेता मुकेश कापडीवास ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरनण की राजनीति के चलते रामलला को टैंट में रहना पड़ा, अब वह दिन आ चुका है जब भगवान रामलला 500 वर्ष बाद नवनिर्मित मंदिर मे विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के साथ रेवाड़ी में भी उत्सव का महौल है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशवासियों की आस्था पूरी हो रही है। 22 जनवरी को रेवाड़ी में भी दीपक जलाने सहित अन्य भव्य कार्यक्रम आयोजित कर उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास यादव की यात्रा को लेकर युवाओं में भी भारी उत्साह है, इसी का परिणाम है कि युवाओं को सूचना मिलते ही कड़ाके की ठंड के बावजूद सैंकड़ों की संख्या में युवा विकास का स्वागत करने के लिए पहुंच गए। उन्होंने कहा कि भगवान रामलला 22 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त में नवनिर्मित मंदिर में विराजमान होंगे।




रावण का वध करने के बाद जब भगवान श्रीराम अयोध्या लौटे थे तो देशभर में दीपक जलाकर खुशियां मनाई गई थी। ऐसे में जब रामलला की प्राणप्रतिष्ठा हो तो देश ही नहीं विदेशों में भी दीपावली मनाने की तैयारी चल रही है।

# मुम्बई में बेस्ट कोरियोग्राफर के सम्मान से नवाजे प्रवीण ठाकुर



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** मुम्बई में रैड एसिड फिल्मस के बैनर तले हुए सम्मान समारोह में जलवा डांस अकेडमी के निर्देशक परवीन ठाकुर को दादा साहब गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। ये अवार्ड लगातार 18 वर्ष तक युवाओं को नृत्य कला सिखाने के लिए प्रदान किया गया। परवीन ठाकुर ने बताया कि इस सम्मान समारोह के कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता मुश्ताक खान, कामेडियन सुनील पाल, मशहूर विलेन अली खान, रमेश गोयल, प्रसिद्ध गायक दिलशाद खान, निदेषक सरफराज अहमद, देव सर, अंकित गुप्ता व अन्य प्रमुख कलाकारों को भी इस कार्यक्रम में सम्मान प्रदान किया। आगे बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा प्रयास रहेगा कि रेवाड़ी के अन्य कलाकारों को भी राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिला सकें। ठाकुर ने बताया कि सरफराज अहमद प्रोडक्सन हाउस की आने वाली फिल्म लोकसभा में रेवाड़ी के प्रवीन ठाकुर बतौर कोरियोग्राफर व अभिनेता के रूप में नजर आयेंगे। परवीन ठाकुर की इस उपलर्बधि पर हमारा परिवार के संयोजक दिनेश कपूर, प्रधान अरूण गुप्ता, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल, महिला संयोजक शषी जुनेजा, प्रधान निशा सीकरी व साथियों ने बधाई दी।

# ना बिजली, ना पानी ना गैस ना ही बीपीएल कार्ड



## एडवोकेट कैलाश ने सरकार से लगाई मदद की गुहार।

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** शहर के मोहल्ला कुतुबपुर में रहने वाली एक परिवार की माली हालत दयनीय बनी हुई है। हालात इस कदर खराब है कि 5 डिग्री की सर्दी में परिवार लोहे के तीन के साइड के नीचे सोने को मजबूर है। घर में बिजली, पानी, गैस कनेक्शन तो छोड़ो रोशनी का दिया जलाने के लिए भी तेल नहीं है। उपरोक्त जानकारी मिलने के बाद एडवोकेट कैलाश चंद इस परिवार से मिलने पहुंचे। कैलाश चन्द ने बताया कि परिवार बहुत ही गरीब है और राज्य व केंद्र सरकार से आज तक कोई सहयोग नहीं मिला है। परिवार के पास मकान, गुलाबी राशन कार्ड, गैस, पानी और बिजली कनेक्शन भी नहीं है। परिवार की स्थिति को देखते हुए कैलाश चन्द ने बुधवार को सीएम मनोहर लाल निदेशक समाज कल्याण विभाग डीसी व एडीसी को शिकायत भेजी है व सहायता की गुहार लगाई है। कैलाश चंद ने बताया कि घर में रहने वाली महिला किरण देवी की उम्र करीब 48 साल है। उसके पति मंदबुद्धि हैं। उनका एक बेटा भी है, लेकिन परिवार की स्थिति ऐसी भी नहीं कि वह बेटे को पढ़ सके और पति का इलाज करा सके। घर की छत पर टिन शेड जरूर डाला हुआ है लेकिन सर्द रात में इसके नीचे सोना बहुत मुश्किल है, ऐसे में सरकार से आग्रह के इस परिवार की तुरंत मदद की जाए। परिवार पहचान परिवार पत्र के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर सतीश खोल ने कहा कि वह कल ही मिलकर इस परिवार की समस्या का समाधान करने की कोशिश करेंगे।

# नगरपरिषद ने अतिक्रमणकारी दुकानदारों के काटे चालान



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** नगर परिषद टीम ने गुरुवार दोपहर में अतिक्रमण कार्यों के खिलाफ कार्रवाई की। दुकानदारों के चालान काटने के साथ ही उनका सामान भी जपत किया। अचानक पहुंची टीम को देख कुछ व्यापारी हाथ जोड़कर टीम से अपनी गलती स्वीकार करते दिखाई दिए। नगर परिषद की टीम ने मोती चौक, केवल बाजार, गोकल बाजार व नागरिक अस्पताल के आसपास कार्रवाई की। टीम में रमेश, हरेश, रामरतन व विजयपाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। नगर परिषद की तरफ से बताया गया की 10 अतिक्रमण कार्यों के चालान काटे गए हैं इसके अलावा कुछ को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। हम आपको बता दे शहर के में बाजार में सबसे ज्यादा अतिक्रमण है। मोती चौक से गोकल गेट, गोकल गेट से रेलवे चौक और काठ मंडी में दुकानदारों ने दुकानों के आगे 10 फीट तक का अतिक्रमण किया है। जिसकी वजह से मार्केट में दोपहिया वाहन भी नहीं निकाल सकते। कई बार नगर परिषद की तरफ से चेतावनी दी गई लेकिन अब रूटीन में अतिक्रमण कार्यों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। इस अतिक्रमण में बाजार के प्रधानों का भी योगदान रहा है। प्रधान अपनी राजनीति चमकाने के लिए किसी भी दुकानदार से कोई पंगा नहीं लेते हैं। यदि बाजार एसोसिएशन के प्रधान अपने दुकानदारों की मीटिंग बुलाकर उनको अतिक्रमण करने से रोके तो शायद इस पर अतिक्रमण लग सकता है, मगर सभी प्रधान प्रधान तो बन जाते हैं मगर चुप रहते हैं और चुपचाप अतिक्रमण की कार्रवाई देखते रहते हैं। कुछ दुकानदारों ने तो रेहड़ियां लगवा कर अपना अच्छा खासा बिजनेस चला रखा है। जिस से मंथली वसूल करते हैं। अगर वे चाहे तो कोई भी रेहड़ी बाजार में उनकी दुकान के आगे नहीं लग सकती। प्रशासन को इस पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है।

# अमित स्वामी ने जरूरतमंदों एवं गरीबों को गर्म कम्बल बांट मनाया जन्मदिवस



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** यंगमैन्स एसोसियेशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा एशियन बाडी बिलडिंग एवं फिसीक स्पोर्टस फैडरेशन के महानिदेशक अमित स्वामी ने आज अपने जन्म दिवस पर शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर गरीबों एवं जरूरतमंदों को गर्म कम्बल बांट कर मनाया अपना जन्म दिवस। अमित स्वामी ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है और ऐसे कार्य करने से आतमिक संतुष्टि मिलती है। उल्लेखनीय है कि अमित स्वामी के अभिन्न मित्र दलीप सिंह राणा (द ग्रेट खली) बाडी बिलडिंग लीजेंड एवं 6 बार मि० ओलमपिया रहे डोरियन येट्स, वर्ल्ड बाडी बिलडिंग एवं फिसीक स्पोर्टस फैडरेशन के अध्यक्ष दोतक पाल चुआ, महासचिव चेतन पठारे, फाउंडेशन आफ स्पोटर्स एंड डवलपमेंट एवं पीस की चेयरपर्सन डॉ. मेरियन केम, इंटरनेशनल स्पोटर्स एंड कल्चर एसोसियेशन के महासचिव जैकब शानबर्ग एवं विश्वव्यापी अनेकों खेल संगठनों, विभूतियों एवं मित्रों ने अमित स्वामी को उनके जन्मदिवस की हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

# विभिन्न संगठनों ने भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले की धूमधाम से मनाई जयंती

**सावित्रीबाई फुले ने सती प्रथा, बाल-विवाह, छुआछूत जैसी अनेक कुरुतियों के निवारण में निभाई अहम भूमिका**



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवयित्री सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में बैठक का आयोजन बुधवार को समिति के प्रधान एवं पूर्व चीफ मैनेजर चन्दन सिंह जालवान की अध्यक्षता में गुरु रविदास मंदिर में किया गया। बैठक का संचालन सर्व समाज के प्रदेश महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था, दिल्ली के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल द्वारा किया गया। बैठक में सर्वप्रथम गुरु रविदास महासभा के संरक्षक बाबा बालकदास, संघर्ष समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान व प्रमुख सलाहकार व पूर्व तहसीलदार लालाराम नाहर व महासचिव बिरदी चंद गोठवाल, प्रधान अनिल फाण्डन आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।

बैठक में सर्व समाज के महासचिव बिरदी चंद गोठवाल द्वारा सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सावित्रीबाई फुले का जन्म 03 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र राज्य के सतारा जिले के नायगांव के वंचित समाज में हुआ। सावित्रीबाई फुले एक प्रमुख सामाजिक सुधारक, शिक्षाविद और कवयित्री थी, जिन्होंने 19वीं शताब्दी के दौरान महिला शिक्षा और सशक्तिकरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी । सावित्रीबाई फुले ने 1852 में बालिकाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की । छूआछूत के उस दौर में इन्हें बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन वे अपने मिशन से पीछे नहीं हटी और महिलाओं व समस्त वंचित समाज के लिए शिक्षा की ज्योति जलाई। उन्हें उस समय की साक्षर महिलाओं में गिना जाता है। समिति के प्रमुख सलाहकार लालाराम नाहर, प्रधान चन्दन सिंह जालवान, हरियाणा चमार महासभा के जिलाध्यक्ष अनिल फाण्डन, सरस्वती ग्रामीण एवं शिक्षा विकास केंद्र के प्रधान अनिल सैनी, सहसचिव सुमेर गोठवाल व धर्मवीर कटारिया आदि ने अपने संयुक्त ब्यान में बताया कि सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक कुरीतियों का निवारण करने के लिए बाल विवाह के प्रति समाज को शिक्षित और उन्मूलन करने, सती प्रथा के खिलाफ प्रचार करने व विधवा पुनर्विवाह के लिए पूरजोर वकालत की। महाराष्ट्र के सामाजिक सुधार आंदोलन का एक प्रमुख व्यक्तित्व उन्हें डॉ भीमराव अंबेडकर, अन्नाभाऊ साठे की पसंद के साथ दलित मंगल जाति का प्रतीक माना जाता है । सावित्रीबाई फुले ने जातिगत भेदभाव और लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करने में सक्रिय रूप से भूमिका निभाई और 1897 में प्लेग से पीड़ित रोगियों की सेवा करते करते 10 मार्च 1897 को वह इस नश्वर संसार को छोड़ गई। इस अवसर पर संघर्ष समिति के प्रमुख सलाहकार शिवनारायण मोरवाल, गुरु रविदास महासभा के प्रधान बलबीर सिंह बबेरवाल, महर्षि वाल्मीकि महासभा के राजेश चांवरिया, खटीक सभा के खण्ड प्रधान पत राम खिंची, कोली सभा के प्रधान तोताराम, पूर्व चीफ मैनेजर ओमप्रकाश चौहान, पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक जयपाल सिंह, पूर्व लेखाधिकारी रामकुमार ढ़ैणवाल, हजारीलाल खटावला, हरिराम सिरोहा, रामचंद्र गोठवाल, करतार सिंह, सचिव रमेश चंद, सुरेश कुमार नारनोलिया, प्रीतम सिंह, रामचंद्र सैनी, बनवारी लाल, प्रेम चंद सैनी, पंजाब रत्न, विक्रम माण्डैया, मोहन सिंह आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने भक्ति नगर को नियमित करने की रखी मांग

**किसानों को बीमित राशि नहीं मिलने से भी सीएम को कराया अवगत।**



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने चंडीगढ़ में आयोजित विधायक दल की बैठक में कोसली क्षेत्र के काफी संख्या में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ नहीं मिलने सहित रेवाड़ी की अनेक मांगों मुख्यमंत्री मनोहरलाल के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने सभी मांगपत्रों पर गंभीरता से विचार कर जल्द ही उचित समाधान का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री को सौंपे पत्र में कोसली विधायक ने बताया कि कोसली विधानसभा एक ग्रामीण क्षेत्र है तथा यहां के ग्रामीणों का मुख्य व्यवसाय कृषि है। क्षेत्र के अधिकतर ग्रामीणों के खाते मुस्तिल खाते (शामलात खाते) हैं। जिसके चलते वर्तमान में किसानों को अपनी फसल का बीमा कराने में परेशानी आ रही है, क्योंकि जब किसान अपनी फसल का बीमा करवाने बैंक में जाते हैं तो बैंक प्रबंधक द्वारा मुस्तिल खातों का बीमा करने से मना कर दिया जाता है तथा उन्हें बताया जाता है कि हमारे पोर्टल पर शो नहीं कर रही है। जिसके कारण शामलात खाते वाली जमीन के किसानों की फसलों का बीमा नहीं हो पा रहा है। जबकि अब से पहले ऐसी समस्या नहीं आ रही थी। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि किसानहित को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराया जाए, ताकि सभी किसानों की फसलों का बीमा कराया जा सके।

कोसली विधायक ने इसके अलावा रेवाड़ी की भक्तिनगर कालोनी (ढालियावास) को नियमित किए जाने संबंधी आरडीए की मांग को भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। आरडब्ल्युए की ओर से सरकार द्वारा बनाई गई नीति के तहत निर्धारित समय पर निर्धारित कागजातों के साथ जिला नगर योजनाकार कार्यालय में जमा करा दिया गया था।

600 घरों वाली शहर की बड़ी कालोनी होने के बावजूद उनकी कालोनी को नियमित नहीं किया गया, जबकि कम घरों वाली कालोनियों को नियमित कर दिया गया। इसलिए भक्ति नगर कालोनी को नियमित किए जाने की मांग रखी गई। वहीं, विधायक ने मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में कार्यरत अस्थाई असिस्टेंट प्रोफेसरों की सेवाएं प्रदेश के अन्य सरकारी विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की भांति सुरक्षित करने की मांग को भी रखा। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने सभी मांगों को गंभीरता के साथ सुनकर जल्द ही उचित समाधान का भरोसा दिलाया।

# फरीदाबाद के गांव चिरसी, मौजपुर, महमूदपुर तथा अहमदपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रमों का आयोजन हुआ



**पात्र व्यक्तियों को उनके घर द्वार पर सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही यात्रा**

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ आज फरीदाबाद के गाँव गाँव चिरसी, मोजपुर, महमूदपुर तथा अहमदपुर पहुँचने पर ग्रामवासियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता चिरसी गाँव की सरपंच प्रीती ने की। ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए सरपंच प्रीति ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आमजन तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहने पाए और उसे मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा सके। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे कार्यक्रम के दौरान उपलब्ध स्टालों पर योजनाओं की जानकारी अवश्य लें, साथ ही अपने परिवारजनों, पड़ोसियों और मित्र गण को सूचित करें। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी बनती है। उन्होंने कहा कि सरल हरियाणा पोर्टल के माध्यम से व्यक्ति घर बैठे विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना की जानकारी सांझा करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाएं विपतति में व्यक्ति का बड़ा सहारा बनती हैं। कोई भी व्यक्ति मात्र 20 रुपए का भुगतान के साथ दो लाख रुपए का बीमा करवा सकते हैं, साथ केवल 436 रुपए जमा करवाते हुए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अंत्योदय परिवारों को पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है।

महमूदपुर गांव के सरपंच रमेश ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने 'अंत्योदय' जैसी योजनाएं लागू कर हरियाणा प्रदेश के उन गरीब लोगों का कल्याण एवं उत्थान किया है जो समाज की स्ट्रीम लाइन से टूटे हुए व कटे हुए हैं। सरकार योजनाओं के सरलीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, योगाभ्यास, क्रिड द्वारा परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता हुई, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व किसानों के लिए कृषि और बागवानी विभागों की हेल्प डेस्क बनाई गई, स्वामित्व कार्ड पंजीकरण और वितरण डेस्क लगाया गया, यात्रा के दौरान कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, मेरा भारत स्वयं सेवकों के पंजीकरण के लिए स्टॉल, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल, ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए।

# बल्लभगढ़ के व्यापारियों और अधिकारियों ने एक साथ अग्रवाल धर्मशाला में बैठकर एक संयुक्त मीटिंग की



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ शहर में साफ सफाई व्यवस्था, जाम से उत्पन्न होने वाली समस्या के साथ-साथ सुरक्षा की व्यवस्था को देखते हुए आज बल्लभगढ़ शहर के व्यापारियों और अधिकारियों ने एक साथ अग्रवाल धर्मशाला में बैठकर एक संयुक्त मीटिंग संपन्न हुई। इस मीटिंग में प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई श्री टिपरचंद शर्मा मौजूद रहे। इस मीटिंग में नगर निगम के बल्लभगढ़ जॉन के ज्वाइंट कमिश्नर करण सिंह, ट्रैफिक एसीपी, रोडवेज के महाप्रबंधक लेखराज और थाना शहर बल्लभगढ़ के प्रभारी सतीश डागर सहित अधिकारी मौजूद रहे और सभी उपरोक्त विषयों पर मंथन किया। इस मौके पर अधिकारियों ने व्यापारियों से जाम की समस्या को दूर करने साफ सफाई व्यवस्था को भी फिट रखना जैसे विषयों पर सहयोग की अपील करते हुए विचार विमर्श किया गया।

इस मौके पर श्री टिपरचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ शहर की सुंदरता बनाए रखने के लिए यहां से विधायक एवं हरियाणा सरकार में परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा संकल्परत है और लगातार इस दिशा में कार्य कर रहे हैं उन्होंने कहा कि शहर के व्यापारि और आम जनता को भी शहर की सुंदरता के लिए सहयोग करते हुए अपने सुझाव देने चाहिए। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कोई कमी नहीं छोड़ी है बल्लभगढ़ विधानसभा की जनता को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का सपना है और वह है सपना अब पूरा हुआ है। इस मौके पर व्यापारियों के प्रधान श्री भगवान दास गोयल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि बल्लभगढ़ शहर के व्यापारी शासन और प्रशासन के साथ है और उन्हें जो भी व्यापारियों की मदद की जरूरत पड़ेगी वह हमेशा उनके साथ है। व्यापारियों ने ऑटो की वजह से लगने वाले जाम की समस्या को भी प्रशासन के सामने रखा और प्रशासन ने जल्द ही ऑटो वाहनों की वजह से लगने वाले जाम से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मार्केट एसोसिएशन के प्रधान प्रेम खट्टर ,ईश्वरदयाल गोयल, राजेंद्र जैन,अशोक मंगला शाहिद शहर के गणमान्य व्यापारी मौजूद रहे।

# साउथ अफ्रीका का 23 ओवरों में खेल खत्म, 55 पर ढेर करके भारत ने इतिहास रच दिया, सिराज का सिक्सर



**सिटी 24 न्यूज**

सेंचुरियन में भारतीय गेंदबाजों की हालत पतली हो गई थी। डीन एल्गर ने बड़ा शतक जड़ा तो मार्को यानसेन ने अपनी अर्धशतकीय पारी से रोहित सेना की हालत खराब कर दी। रही सही कसर खराब बल्लेबाजी ने पूरी कर दी थी। केएल राहुल के शतक और विराट कोहली के अर्धशतक को छोड़ दिया जाए तो भारतीय सूरमाओं ने हथियार डाल दिए थे, लेकिन केपटाउन में इसका ठीक उल्टा देखने को मिला है। भारतीय टीम ने सिर्फ 23.2 ओवरों में ही साउथ अफ्रीका की पहली पारी 55 रनों पर निपटा दी।

भारत ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के पहले स्पैल की शानदार गेंदबाजी (15 रन देकर छह विकेट) से पहले दिन लंच से पहले दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 55 रन पर समेट दिया। सिराज ने 9 ओवर में तीन मेडन से 15 रन देकर छह विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह ने 8 ओवर में एक मेडन से 25 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मुकेश कुमार ने 2.2 ओवर में दो मेडन से दो विकेट झटके और एक भी रन नहीं दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए केवल दो बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। काइल विरेन ने 15 और डेविड बेडिंघम ने 12 रन बनाए।

**भारत के खिलाफ किसी भी टीम का लोएस्ट स्कोर**

यह भारत के खिलाफ किसी भी टीम का टेस्ट में सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले भारत ने न्यूजीलैंड 2021 में सिर्फ 62 रनों पर ढेर कर दिया था। हालांकि, साउथ अफ्रीका का यह लोएस्ट स्कोर नहीं है। इससे पहले वह 30 रनों पर भी आउट हो चुकी है। देखा जाए तो साउथ अफ्रीका को उसी के मैदान पर 55 रनों पर ढेर करना भारत के लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है।

**9 बल्लेबाज नहीं पार कर सके दहाई का आंकड़ा**

भारत की कातिलाना गेंदबाजी का असर यह रहा कि साउथ अफ्रीका के 9 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। डेविड बेडिंघम 12 और काइल विरेन 15 रन बनाकर सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले डीन एल्गर 2 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में मोहम्मद सिराज ने भी उपलब्धि हासिल की। वह पहले सत्र में फाइव विकेट हॉल पूरा करने वाले भारत के पहले गेंदबाज बने। यशस्वी जायसवाल ने स्लिप में कामल की फील्डिंग करते हुए 3 कैच लपके।

# बृजभूषण के गुंडे सक्रिय, मां को मिल रहे धमकी भरे फोन.. साक्षी मलिक की सरकार से खास अनुरोध



**सिटी 24 न्यूज**

ओलिंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को कहा कि नये भारतीय कुश्ती महासंघ से उन्हें कोई ऐतराज नहीं है, अगर बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह को इससे अलग रखा जाता है। साक्षी ने 21 दिसंबर को संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद खेल से संन्यास ले लिया था। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ने दावा किया कि उनकी मां को डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के समर्थक धमकी भरे फोन कर रहे हैं।

साक्षी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'पिछले दो तीन दिन से बृजभूषण के गुंडे सक्रिय हो गए हैं। मेरी मां को धमकी भरे फोन किये जा रहे हैं। लोग फोन करके कह रहे हैं कि मेरे घर में किसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा। सोशल मीडिया पर लोग हमें गालियां दे रहे हैं लेकिन उन्हें यह नहीं भूलना चाहिये कि उनके घर में भी बहन बेटियां हैं।'

**तदर्थ समिति से कोई परेशानी नहीं**

साक्षी मलिक ने पत्रकारों से कहा, 'हमें नये महासंघ से कोई परेशानी नहीं है। सिर्फ एक व्यक्ति संजय सिंह के रहने से परेशानी है। संजय सिंह के बिना नये महासंघ से या तदर्थ समिति से भी हमें कोई मसला नहीं है। सरकार हमारे लिये अभिभावक की तरह है और मैं उनसे अनुरोध करूंगी कि आने वाले पहलवानों के लिये कुश्ती को सुरक्षित बनाये। आपने देखा है कि संजय सिंह का बर्ताव कैसा है। मैं नहीं चाहती कि महासंघ में उसका दखल हो।'

साक्षी ने आगे कहा, 'मैं अनुरोध ही कर सकती हूं। अगर मंत्रालय कहता है कि वह वापिस नहीं आयेगा तो अच्छा है। सभी ने देखा कि डब्ल्यूएफआई चुनाव के बाद बृजभूषण सिंह ने कैसे सत्ता का दुरूपयोग किया। बिना किसी से पूछे अपने शहर में जूनियर राष्ट्रीय चैमपियनशिप कराने का ऐलान कर दिया।'

**जल्द हो राष्ट्रीय चैंपियनशिप**

साक्षी ने तदर्थ समिति से तुरंत जूनियर वर्ग के टूर्नामेंट कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, 'मैं नहीं चाहती कि हमारी वजह से जूनियर पहलवानों का नुकसान हो। तदर्थ समिति सीनियर राष्ट्रीय चैमपियनशिप की घोषणा कर चुकी है और अब मैं अनुरोध करूंगी कि अंडर 15, अंडर 17 और अंडर 20 राष्ट्रीय चैमपियनशिप का भी ऐलान किया जाये।'

इस बीच सैकड़ों जूनियर पहलवान अपने कैरियर में एक महत्वपूर्ण साल बर्बाद होने के खिलाफ बुधवार को जंतर मंतर पर जमा हुए हैं और उन्होंने इसके लिये बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को दोषी ठहराया।

यह पूछने पर कि क्या वह खेल प्रशासक बनना चाहती हैं, उन्होंने ना में जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'मैं परेशान हूं। मैं बस इतना चाहती हूं कि जूनियर पहलवानों को नुकसान नहीं हो। इसके अलावा अभी मेरे दिमाग में कुछ नहीं है। हमें जूनियर पहलवानों के नुकसान के लिये दोषी ठहराया जा रहा है जो गलत है। अगर महिलायें खेल प्रशासन में होंगी तो अच्छा होगा।' जूनियर पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ जंतर मंतर पर प्रदर्शन के बारे में बताने पर उन्होंने कहा, 'मैंने कुश्ती को 18-20 साल दिये हैं। मुझे ही पता है कि पिछले कुछ महीनों में मैंने क्या कुछ सहा है।'

## संपादकीय

### जल्द हो हल, ड्राइवरों की हड़ताल

नए साल के पहले दिन से ही शुरू हुई ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल ने गंभीर स्थिति उत्पन्न कर दी है। देश के कई शहरों में पेट्रोल पंपों के सामने गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारें दिख रही हैं। लोग इस आशंका में भी अपनी-अपनी गाड़ियों की टंकी फुल करा रहे हैं कि पता नहीं आगे पेट्रोल मिले या न मिले। यात्रियों को परेशानियां हो रही हैं सो अलग। सबसे बड़ी बात ट्रकों का चलना लगभग रुक गया है।

**असोसिएशन पीछे :** इस हड़ताल के साथ खास बात यह है कि इसमें आम ड्राइवर आगे हैं और ट्रांसपोर्टर्स असोसिएशन पीछे। मंगलवार यानी हड़ताल के दूसरे दिन तक यह स्थिति थी कि असोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी कह रहे थे, हमने अभी तक हड़ताल का कोई आह्वान नहीं किया है। हड़ताल के पीछे मुख्यतः आम ड्राइवरों में फैली डर की भावना मानी जा रही है।

**नए कानून का डरः** दरअसल, संसद में पिछले महीने पारित न्याय संहिता में हिट एंड रन मामलों में किए गए कड़े प्रावधान से यह स्थिति पैदा हुई है।

इसके मुताबिक लापरवाही से गाड़ी चलाकर गंभीर सड़क दुर्घटना का कारण बने ड्राइवर अगर पुलिस या प्रशासन को सूचित किए बगैर मौके से फरार हो जाते हैं तो उन्हें 7 लाख रुपये का जुर्माना और 10 साल तक की कैद हो सकती है। अब तक IPC में लापरवाही से मौत के मामलों में दो साल तक की कैद का प्रावधान था।

**ड्राइवरों की चिंता :** हड़ताल पर गए ड्राइवरों का कहना है कि कोई भी डाइवर दुर्घटना जान-बूझकर नहीं करता क्योंकि इसमें उसकी अपनी जान भी दांव पर लगी होती है। दूसरी बात यह कि दुर्घटना के बाद मौके पर बने रहना उसके लिए खतरनाक होता है क्योंकि हादसे के बाद जमा पब्लिक का गुस्सा प्रायः सही-गलत की चिंता किए बगैर बड़ी गाड़ी के ड्राइवर पर निकलता है।

**कई पहलू हैं :** हालांकि हिट एंड रन मामलों के लिए बने इस कानून के भी कई पहलू हैं। लापरवाही से गाड़ी चलाना एक गंभीर मामला है। मामूली सजा का प्रावधान ड्राइविंग को गंभीरता से लेने का कल्चर डिवेलप करने की राह में रोड़ा माना जा रहा था। इसके अलावा सड़क हादसों का शिकार हुए विक्टिम परिवारों का पक्ष भी है, जो कानून के कड़े प्रावधानों की जरूरत को रेखांकित करता है।

**संवादहीनता :** फिर भी ड्राइवरों की हड़ताल से जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, उससे साफ है कि कानून बनाते हुए इससे पैदा होने वाली स्थितियों का सही अंदाजा नहीं लगाया जा सका। ट्रांसपोर्ट असोसिएशनों की शिकायत है कि कानून बनाने से पहले उनसे किसी तरह की बातचीत नहीं की गई थी।

**गतिरोध न हो :** मौजूदा हालात में बातचीत करके मामले को जल्द से जल्द सुलझाने की जरूरत है। किसी भी स्थिति में अड़ियल रवैया अपनाना सभी पक्षों के लिए अत्यधिक नुकसानदेह साबित होगा।

# मरहूम चौ. तय्यब हुसैन की पत्नी जमीला बैगम के निधन पर परिवार के बीच सांत्वना देने सपरिवार पंहुचे पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ. बिरेन्द्र सिंह

## स्व : जमीला बैगम जैसी दयावान महिलाएँ सदियों में जन्म लेती हैं : चौ. बिरेन्द्र सिंह

**लगातार तीसरे दिन भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के नूँह निवास पर राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों का लगा रहा ताँता।**



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन की धर्मपत्नी स्व: श्रीमती जमीला बैगम के निधन पर तीसरे दिन बुधवार को नूँह में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के निवास पर हरियाणा प्रदेश के दिग्गज नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी बिरेन्द्र सिंह व उनकी धर्मपत्नी पूर्व विधायक श्रीमती प्रेमलता सिंह पंहुचे। उल्लेखनीय है कि चौधरी बिरेन्द्र सिंह मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के बहुत करीबी मित्र रहे हैं। वे हमेशा चौधरी ज़ाकिर हुसैन को अपने बेटे की तरह स्नेह करते हैं। उन्होंने नूँह पंहुचकर सबसे बड़े सुपुत्र चौधरी ज़ाकिर हुसैन, चौधरी फजल हुसैन व चौधरी ताहिर एडवोकेट से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। बिरेन्द्र सिंह ने पूरे परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि वे इस दुख की घड़ी में उनके साथ हैं। स्व: जमीला बैगम बहुत ही मिलनसार, सरल स्वभाव की धनी व जनसेवा करने वाली महिला थी। जमीला बैगम जैसी दयावान महिलाएँ सदियों में पैदा होती हैं। मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन उनके बहुत करीबी दोस्त रहे हैं। स्व: जमीला बैगम को वे 1962 से जानते हैं। उन्होंने हमेशा लोगों को जोड़ने का काम किया। वे हमेशा जरूरतमंद लोगों, बेसहाराओं व मजलूमों की मदद करने में आगे रहती थी। उन्होंने अपने पूरे परिवार को पढा लिखाकर इस काबिल बनाया है कि आज पूरा परिवार मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के पदचिन्हों पर चलकर पूरे मेवात क्षेत्र चाहे वे हरियाणा हो या राजस्थान 36 बिरादरी के लोगों की सेवा कर रहा है। चौधरी ज़ाकिर हुसैन आज भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की सूची में हैं।

गौरतलब है कि पूर्व मंत्री व सांसद मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन की धर्मपत्नी व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक की माता श्रीमती जमीला बैगम को रविवार को मेदांता अस्पताल गुरूग्राम में ईलाज के दौरान देहांत हो गया था। बीते सोमवार को हजारों लोगों ने नम आंखों के साथ नूँह के यासीन मेव डिग्री कॉलेज में सुपुर्द-ए-खाक़ किया था। उनकी तदफीन (दफनाने) में सभी राजनैतिक दलों के नेता, समाजसेवी, उलेमा हज़रात, वकील साहिबान आदि ने शामिल होकर उन्हें खिराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की थी। स्व: जमीला बैगम के निधन से मेवात ईलाका ही नहीं बल्कि राजस्थान, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, मध्यप्रदेश आदि राज्यों में शौक का माहौल है। वे ऐसे घराने से ताल्लुक रखती हैं जिनकी पूरे देश में एक अलग ही पहचान है। बुधवार को सुबह मरहूमा जमीला बैगम की मग़फ़िरत के लिए उलेमा हज़रात ने दुआएँ करवाई जिसमें सैंकड़ों उलेमाओं, ईमामों व प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया।

खबर लिखे जाने तक बुधवार को भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन व उनके परिवार को सांत्वना देने विधायक मामन खाँ इंजिनियर, उद्योगपति सुभाष धींगरा, गिरिराज धींगरा, रिटायर्ड आईएएस विनय सिंह यादव, पूर्व डिप्टी स्पीकर चौ० आज़ाद मौ०, पूर्व मंत्री चौ० हसन मौ०, गुरूग्राम की मेयर श्रीमती मधु आजाद, आजाद सिंह, श्याम सुंदर सिंह पिनगवां, सुनिल जिंदल तावड़ू, पूर्व विधायक हबीब-उर-रहमान, तिजारा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे इमरान खान, सुरेन्द्र सिंह पिंटू उजीना, मुफ्ती जाहिद हुसैन, लाला दीपचंद, शारिक हुसैन मालब, जिला महामंत्री दलबीर सिंह, जिला महामंत्री शिव कुमार आर्य बंट जिला विस्तारक बलविंदर सिंह, वीरपाल कालियाका, चेयरमैन संजय मनौचा, अर्जुन दव चावला, चरण सिंह ईंडरी, सुरेन्द्र प्रताप आर्य, चौ० सपात मेवली, सुधीर क्लॉथ गुरूग्राम, फारूख खान एडवोकेट सोहना, जाकिर एडवोकेट सोहना, संजय गर्ग बिट्टू आदि के अलावा सैंकड़ो उलेमा हज़रात, ईमाम साहिबान व अन्य सैंकडो गणमान्य व्यक्तियों ने पंहुचकर मरहूमा जमीला बैगम को खिराज-ए-अकीदत पेश की तथा परिवार को सांत्वना दी।

# स्मैम स्कीम 2023-24 के तहत कृषि यन्त्रों पर अनुदान लेने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15 जनवरी

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उप कृषि निदेशक, डा. विरेन्दर देव आर्य ने बताया कि समाम स्कीम के तहत वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न कृषि यन्त्रों पर अनुदान लेने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अनतिम तिथि 31 दिसंबर से बढाकर 15 जनवरी कर दी गई है। उपनिदेशक कृषि ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि समाम स्कीम के तहत विभिन्न कृषि यन्त्रो जैसे कि बैटरी/इलैक्ट्रिक /सोलर/चालित पावर विडर, सेल्फ प्रोपेलड मल्टी टूलबार, सेल्फ प्रोपेलड हाई क्लीयरंस बूमस्पेयर, चाफ्कटर वीद लोडर, टैक्टर चालित साईलेंज पैंकिंग मशीन (1400-1500 केजी/ एचआर), बैटरी चालित खाद छिडक़ाव यन्त्र, (बैरिक्ट मेकिंग मशीन 1500-1000 केजी/ एचआर क्षमता/पैलेट मशीन), टैक्टर चालित खाद छिडक़ाव यन्त्र, टैक्टर चालित हाईड्रालिक प्रैस स्ट्राबेलर, एम. बी. प्लाऊ, सब्सायलर, मल्टी क्रॉप बेडप्लांस्टर/रेजर बेडप्लांटर, सेल्फ प्रोपलड धान रोपाई मशीन, टैक्टर चालित मशीन ग्रेनक्लीनर कम ग्रेडर/बिनोईंगफ्र, ट्रैक्टर चालित रीपर कम बान्डर, मिलेट मशीन/मिलेट मिल, मक्का थ्रेसर (ट्रैक्टर चालित) मक्का शेलर, न्यूमेटिक



प्लांटर मशीन (ट्रैक्टर चालित), ऑयल एक्सपैलर, प्रैस, शुगरकेन कटर, मोबाईल कॉटन थ्रैडर (ट्रैक्टर चालित), लोडर/डोजर (ट्रैक्टर चालित), काऊ डंग बैरिक्ट मशीन, काऊ डंग डीवाटरिंग मशीन, पैडी मोबाईल ड्रायर, लेजर लैंड लेवलर, कॉटन सीड ड्रील, ट्रैक्टर मांऊटिड स्प्रै पम्प इत्यादि पर किसानों को अनुदान देने हेतू कृषि विभाग के पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एग्रीहरियाणा डॉट जीओवी डॉट आईएन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अब इन कृषि यन्त्रों मे रोटावेटर, आलू बिजाई मशीन व ट्रैक्टर चालित पावर विडर भी शामिल कर लिए गए है तथा ऑनलाईन आवेदन की अनतिम तिथि को बढ़ाकर 15 जनवरी 2024 कर दिया गया है। उन्होने बताया कि एक किसान विभिन्न प्रकार के अधिकतम 2 कृषि यन्त्रों पर ही अनुदान ले सकता है। जिन किसानो द्वारा 31 दिसंबर तक दो कृषि यन्त्रों के लिए ऑनलाईन आवेदन कर दिया गया था और अब वो नए शामिल किए गए इन तीन कृषि यन्त्रों पर अनुदान लेना चाहते है तो वो चुने गए दो कृषि यन्त्रो मे से ऑनलाईन बदलाव करके रोटावेटर, आलु बिजाई मशीन व ट्रैक्टर चालित पावर विडर के लिए आवेदन कर सकते है।

# पुलिस ने कैंप लगाकर आमजन को साईबर अपराध के बारे में दी जानकारी

## दोंगडा अहीर, मोडी व कनीना में आयोजित किये गए जागरूक्ता शिविर

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के निर्देशानुसार साईबर ठगों से बचने के लिए पुलिस ने आमजन को कैंप लगाकर जागरूक किया। पुलिस की ओर से सोशल मीडिया व समाचार पत्रों के माध्यम से लगातार आमजन को साइबर क्राइम के बारे में हिदायतें दी जी रहीं हैं। इसी कड़ी में साईबर अपराधों से बचने के लिए कनीना सदर थाना प्रभारी निरीक्षक रामनाथ तथा दोंगडा चौकी इंचार्ज प्रीतम सिंह की टीम ने बुधवार को दोंगडा अहीर तथा मोड़ी में कैंप आोजित की ग्रामीणों को जागरूक किया। शहर थाना की टीम ने कोचिंग सेंटर कनीना में छात्रों को जागरूक किया। पुलिस की ओर से जागरूक्ता रैली भी निकाली गई।

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा युवाओं को साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से समझाया कि आजकल किस प्रकार साइबर अपराधी आमजन को शिकार बनाते हैं तथा किस प्रकार उनसे बचा जा सकता है। युवा वर्ग इस प्रकार के अपराधों बारे जानकारी लेकर स्वयं तथा दूसरों को भी सुरक्षित कर सकता हैं। आधुनिक समय में आपके मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से अनेकों प्रकार के लिंक आते हैं, जिनपर क्लिक करते ही सारा डाटा साईबर आपराधियों के पास चला जाता है, जिससे आमजन ठगी का शिकार हो जाते हैं। कई बार ठगों द्वारा आपकी जानकारी-डाटा का गलत फायदा उठाया जाता है।

उन्होंने बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के पास कोई भी अवांछनीय संदेश ना भेजें तथा अपनी किसी प्रकार की जानकारी शेयर ना करें और ना ही किसी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर करें। किसी अंजान व्यक्ति के साथ आधार नंबर, ई-मेल आईडी, सत्यापन कोड व अन्य निजी जानकारी सांझा न करें। सोशल मीडिया खातों के लिए दो-चरणीय सत्यापन को सक्रिय करें।



यह आपके खाते की सुरक्षा को बढ़ाएगा और भले ही जालसाज को सत्यापन कोड मिल जाए, लेकिन फिर भी अकाउंट खोलने के लिए पासवर्ड की आवश्यकता होगी। पिन या किसी अन्य संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी के लिए पूछने वाले व्यक्तिगत संदेशों पर प्रतिक्रिया न दें, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें। साईबर अपराधों से बचने हेतु पुलिस कम्पयूटर-मोबाइल अन्य डिवाईस को हैकर से बचाने हेतु, सोशल मीडिया अकाऊण्ट व बैंक अकाऊण्ट को सुरक्षित रखने बारे आमजन को जागरुक किया जा रहा है और इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का साईबर अपराध हो जाता है या आप किसी ऑनलाईन ठगी का शिकार हो जाते हैं तो इसकी सूचना तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। नेशनल साईबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल या नजदीक पुलिस स्टेशन पर शिकायत दर्ज कराएं।

# गोगामेडी हत्याकांड में एनआईए हुई एक्टिव, महेंद्रगढ में 9 स्थानों पर एक साथ की गई छापेमारी



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बुधवार सुबह एनआईए की टीम ने जिले के करीब 9 स्थानों पर छापेमारी की। विदित रहे कि करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी हत्याकांड की जांच एनआईए द्वारा की जा रही है। समझा जाता है कि गैंगेस्टरों के संपर्क में होने के कारण अपराधिक प्रवृति वाले व्यक्तियों की कुंडली खंगालने के चलते विभिन्न स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गई छापेमारी के दौरान जिला पुलिस की घेराबंदी रही। कनीना सब डिवीजन के गांव गुढा स्थित पवन उर्फ बाबा व दीपक के घर पर सुबह करीब 5 बजे रेड की गई। दोनों व्यक्ति घर से गायब मिले। टीम ने परिजनों से पूछताछ की ओर जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया। टीम ने परिजनों से कहा कि उन्हें जांच में शामिल करने के लिए पेश करें। इसी प्रकार टीम ने मुंडिया खेडा के अश्वनी व मनोज, पाथेडा के अमन व उमेश,खुडाना के गोविंद, कोथल के राहुल, दोंगडा जाट ने शूटर नितिन फोजी व झगडोली के सोनी के घर छापेमारी की गई। टीम ने छापेमारी वाले स्थानों पर परिजनों को नोटिस जारी कर जांचें शामिल होने को कहा है। जिसकी तिथि व स्थान बाद में दूरभाष पर बताया जाएगा।

# पे-ग्रेड फिक्स करने की मांग को लेकर पटवारी व कानूनगो की हडताल से ग्रामीण रहे परेशान

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** वेतन सम्बंधी मागों को लेकर बुधवार को पटवारी-कानूनगो की हड़ताल रही। जिसके चलते वे कार्यालय में हाजिर नहीं हुए वहीं उनकी ओर से कोई कार्य नहीं किया गया। कनीना में उनके कार्यालय सुने पड़े रहे। पटवार कानूनगो एसोसिएशन के प्रधान राजेश कुमार ने कहा कि हड़ताल के चलते पटवारखाना में भूमि रिकॉर्ड से जुड़े काम नहीं होगें। मागों को लेकर उनकी ओर से विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बता दे कि हरियाणा में पटवारी और कानूनगो की ओर से 3 जनवरी से हडताल की चेतावनी दी गई थी। जिसके चलते दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के बैनर तले ने 3 से 5 जनवरी तक हड़ताल का आह्वान किया गया है। पटवारी-कानूनगो इन दिनों में भूमि रिकॉर्ड से जुड़े कोई काम नहीं करेंगे। वेतन पे-ग्रेड की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। हड़ताल के दौरान भूमि की पैमाइश, नकल,इंतकाल, भूमि रिकार्ड, फसल की वैरिफिकेशन नहीं किए जाएगें। पटवारियों की हडताल के चलते ग्रामीण उनके कार्यालयों के चक्कर लगाने पर मजबूर रहे।

# 4 फरवरी को रोहतक में आक्रोश रैली करेगा सर्व कर्मचारी संघ सुरेश यादव



**सिटी 24 न्यूज/प्रीति सहगल**

**गोहाना।** 3 जनवरी को ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन हेड ऑफिस हिसार के कर्मचारियों ने बिजली मंत्री के खिलाफ गोहाना 132 के के वी पॉवर हाउस में धरना दिया धरने की अध्यक्षता यूनिट प्रधान सुनील लठवाल और संचालन सचिव नितेश शर्मा का रहा और मुख्यमंत्री मनोहर लाल व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला के नाम कार्यकारी अभियंता राज सिंह को ज्ञापन सोपा नितेश शर्मा ने बताया कि 10 अक्टूबर 2023 को बिजली मंत्री से राज्य कमेटी की वार्ता हुई जिसमें कर्मचारियों की कुछ मांगों पर सहमति बनी कच्चे कर्मचारियों को मेडिकल कैशलेस की सुविधा कर्मचारियों की वर्दी कच्चे कर्मचारियों की मृत्यु होने पर उन्हें 25 लख रुपए आर्थिक सहायता रिस्क अलाउंस 5000 प्रति माह पावर हाउस में हर शिफ्ट में दो कर्मचारी महिलाओं के लिए कर्च बनाना सभी कर्मचारियों को टीएनपी उपलब्ध कराना आदि मांगों पर सहमति बनी इसके बाद सिरसा से धरना समाप्त कर दिया गया था एक महीना बीत जाने के बाद भी बिजली मंत्री की ओर से कोई लेटर विभाग को जारी नहीं हुआ 17 नवंबर 2023 को राज्य कमेटी के नेताओं ने बिजली मंत्री को रिमाइंडर लिखा उसके बाद भी बिजली मंत्री ने नेताओं से बात करना उचित नहीं समझा इसके विरोध में आज पूरे प्रदेश में सभी यूनिट पर 10 से 5 बजे तक का धरना दिया गया सर्व कर्मचारी संघ गोहाना इकाई के सचिव सुरेश यादव ने सरकार से मांग की कच्चे कर्मचारियों का पक्का किया जाए ठेका प्रथा बंद की जाए पुरानी पेंशन बहाल की जाए एक्स ग्रेशिया पॉलिसी को दोबारा लागू किया जाए यादव ने कहा कि सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा रोहतक में 4 फरवरी को ललकार रैली करने जा रहा है जिसमें पूरे प्रदेश के सभी विभागों के कच्चे व पक्के कर्मचारी बढ़ चढ़कर भाग लेंगे और सरकार की नीव को हिलाने का काम करेंगे बिजली कर्मियों के धरने का समर्थन करने के लिए मैकेनिकल वर्कर यूनियन 41 के प्रधान अर्जुन मलिक व रामकरण गुहना समर्थन करने के लिए पहुंचे इस अवसर पर सिटी सब डिवीजन के प्रधान राजेश शर्मा सब अर्बन के प्रधान पवन सत्यवान लाठवाल गुलाब नरवाल जोगिंदर नरवाल जितेंद्र मोहित दीपक प्रदीप यादव हिमांशु राम दिया रामधन आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## सावित्री बाई फूले की जयंती धूमधाम से मनाई



**सिटी 24 न्यूज/प्रीति सहगल**

**गोहाना।** आज गोहाना में सावित्री बाई फूले की जयंती धूमधाम से मनाई। इस कार्यक्रम में पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज गोहाना के तत्वावधान में संगठन के पदाधिकारियों ने माता सावित्री बाई फूले चौक पर माता सावित्री बाई फुले के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करके माता सावित्री बाई फुले को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक प्रोफ़ेसर शमशेर भंडेरी ने बताया कि माता सावित्री बाई फूले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नया गाँव में 3 जनवरी1837 को हुआ। उनका विवाह महात्मा ज्योतिबा फूले के साथ हुआ। इन दोनों महान विभूतियों ने मिलकर समाज के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई माता सावित्री बाई भारत की पहली महिला शिक्षिका हुई जिन्होंने बालिकाओं की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए अनेक बालिका विद्यालयों की स्थापना कि व समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए महात्मा ज्योतिबा फूले के साथ मिलकर समाज सुधारक में अपना योगदान दिया। आज संपूर्ण भारतवर्ष माता सावित्री बाई फुले को नमन करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संदेश दे रहा है इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष धुला राम कोषाध्यक्ष सोमपाल सैन, सचिव जितेन्द्र जांगड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामु रामपाल, बब्लु प्रधान, वरिष्ठ कार्यकर्ता सोनु सैन गामडी व नरेश प्रजापति ने भी महान आत्मा को पुष्प अर्पित किए।

# लाल सागर में हूतियों के उपद्रव से मोदी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, तेल महंगा होने से महंगाई बढ़ने की आशंका

**सिटी 24 न्यूज**

भारत से करीब 4,000 किमी दूर हो रहे एक संघर्ष ने चुनावी साल में मोदी सरकार की चिंता बढ़ा दी है। ईरान के सपोर्ट वाले यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर आतंक मचा रखा है। नवंबर से ही वे ही कमर्शियल जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इससे दुनिया की बड़ी शिपिंग कंपनियों ने लाल सागर के रास्ते अपने ऑपरेशन रोक दिए हैं। वे स्वेज नहर के बजाय के कैप ऑफ गुड होप रूट का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह बहुत लंबा रास्ता और खर्चीला रास्ता है। इससे भारत की चिंता बढ़ गई है। रूस से आने वाला भारत का कच्चा तेल लाल सागर के रास्ते आता है। साथ ही भारत से यूरोप को पेट्रोलियम प्रॉडक्ट्स का निर्यात भी इसी रास्ते होता है। अगर लंबे समय तक लाल सागर में तनाव की स्थिति रहती है तो इससे भारत में महंगाई बढ़ना तय है। इस साल देश में आम चुनाव होने हैं और इससे पहले महंगाई बढ़ने से सरकार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

भारत के लिए बड़ी चिंता की बात यह है कि उसका सबसे ज्यादा कच्चा तेल रूस से आ रहा है। इसका अधिकांश हिस्सा स्वेज नहर के रास्ते आ रहा है। नवंबर में भारत ने रूस से रोजाना 17.3 लाख बैरल कच्चे तेल का आयात किया था। अगर यह संकट गहराता है तो खासकर रूस से होने वाले कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ सकता है। भारत को वैकलपिक रास्ता खोजना होगा। हालांकि दोनों देशों ने नंवबर में संकेत दिए थे कि वे ईस्टर्न मेरिटाइम कॉरिडोर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह चेन्नई को रूस के व्लादीवोस्तोक पोर्ट से जोड़ता है। लेकिन अब यह ऑपरेशनल नहीं हुआ है।



**स्वेज नहर से ट्रेड**

शुरुआत में ग्लोबल ऑयल मार्केट ने हूती विद्रोहियों की इस करतूत को हल्के में लिया था लेकिन इस कारण कच्चे तेल की कीमत में काफी तेजी आई है। लाल सागर यूरोप और एशिया के बीच व्यापार का मुख्य समुद्री रास्ता है। इससे स्वेज नहर के रास्ते होने वाले कारोबार पर भी खतरा पैदा हो गया है। 193 किमी लंबी इस नहर का ग्लोबल ट्रेड में 12% योगदान है। दुनिया का 30% कंटेनर मूवमेंट इसी रास्ते से होता है। हूती विद्रोही अब तक कई जहाजों पर ड्रोन और एंटी-शिप मिसाइलों से हमला कर चुके हैं। इन जहाजों को बाब अल-मंदेब में निशाना बनाया गया है। इसे लाल सागर का गेटवे कहा जाता है और यह हॉर्न ऑफ अफ्रीका और अदन की खाड़ी के बीच स्थित है।

स्वेज नहर की अहमियत को इस बात से समझा जा सकता है कि मार्च 2021 में जब एक बड़ा जहाज छह दिन तक स्वेज नहर में अटक गया था तो ग्लोबल सप्लाई चेन पर संकट खड़ा हो गया था। यह नहर एशिया और यूरोप की लाइफलाइन है। यूरोप को तेल और डीजल की सप्लाई इसी रास्ते होती है। इसके साथ ही पाम ऑयल और अनाज की सप्लाई भी इसी रास्ते होती है। 2021 में स्वेज नहर में जहाज फंसने से भारत भी प्रभावित हुआ था। तब भारत का करीब 200 अरब डॉलर का समुद्री व्यापार इसी रास्ते होता था। लेकिन कोरोना महामारी के बाद इसमें काफी बढ़ोतरी हुई है। भारत स्वेज नहर के रास्ते यूरोप को पेट्रोलियम उत्पाद, फूड प्रॉडक्ट्स, अपैरल और इलेक्ट्रॉनिक सामान एक्सपोर्ट करता है।

# शेयर बाजार में फिर गिरावट का दौर, ऐसे में निवेशक क्या करें

**सिटी 24 न्यूज**

नए साल में शेयर बाजार में निवेशक गिरावट ही देख रहे हैं। बाजार कल गिरावट के साथ बंद हुआ था। मुख्य रूप से बैंक और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा था। कल तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 379.46 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,892.48 अंक पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान एक समय यह 658.2 अंक तक लुढ़क गया था। ऐसे में अधिकतर नए और रूढ़िवादी निवेशक 100% स्टॉक मार्केट एक्सपोज़र से जुड़े जोखिमों, जैसे अनस्टेबिलिटी और डायवर्सिफिकेशन की कमी के बारे में चिंता करते हैं। इसलिए, ऐसे निवेशकों के लिए एक आदर्श विकल्प हाइब्रिड इनवेस्टमेंट सोल्यूशन तलाशना होता है।




**क्या होता है हाइब्रिड म्यूचुअल फंड**

आक्रामक हाइब्रिड म्यूचुअल फंड में इक्विटी और डेट का मिश्रण होता है। इसी वजह से यह निवेशकों की पूंजी में बढ़ोतरी तो करता ही है, उसे सुरक्षा का संतुलन भी प्रदान करता है। गोल्स फाइनेंशियल के पार्टनर दीपक महाडिक का कहना है कि हाइब्रिड म्यूचुअल फंड निवेशकों को सर्वश्रेष्ठ प्रदान करते हैं। निवेश की दुनिया में यह जीत का समीकरण हाइब्रिड निवेश के रूप में सामने आता है। आक्रामक हाइब्रिड फंडों का अनोखा प्रस्ताव यह है कि वे निवेश को दो परिसंपत्ति वर्गों - इक्विटी और डेट में फैलाते हैं। ये फंड 65-80% तक इक्विटी में निवेश करते हैं, जिससे उच्च विकास के पर्याप्त अवसर मिलते हैं। इसके विपरीत, इक्विटी सेगमेंट में अत्यधिक अस्थिरता या कम प्रदर्शन की अवधि के दौरान डेट घटक एक कुशन के रूप में कार्य करता है।

**रिस्क फैक्टर कितना होता है?**


आक्रामक हाइब्रिड फंड मध्यम जोखिम क्षमता वाले निवेशकों की जरूरतों को पूरा करते हैं और विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाते हैं। महाडिक के मुताबिक, इक्विटी और ऋण दोनों घटकों को शामिल करने से जोखिम और अस्थिरता को प्रभावी ढंग से कम किया जा सकता है, जो कि इक्विटी फंडों में अनुपस्थित है। यह विविध दृष्टिकोण उच्च रिटर्न की संभावना को बनाए रखते हुए एक स्थिर निवेश वातावरण प्रदान करके निवेशकों के विश्वास को बढ़ाता है, जिससे आक्रामक हाइब्रिड फंड अपने निवेश पोर्टफोलियो में मापा जोखिम जोखिम चाहने वालों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन जाते हैं।

**इस समय क्यों हो रही है इसकी चर्चा**

आक्रामक हाइब्रिड फंड आज विशेष रूप से प्रासंगिक हैं। ऐसे समय में जब शेयर बाजार का मूल्यांकन विशेष रूप से सस्ता नहीं होता है। आक्रामक हाइब्रिड फंडों में पोर्टफोलियो पुनर्संतुलन में पूर्व निर्धारित सीमा के भीतर परिसंपत्ति आवंटन को पुन: व्यवस्थित करना शामिल है। आंकड़े बताते हैं कि एक दिसंबर, 2023 तक, आक्रामक हाइब्रिड फंड श्रेणी ने 13.7% (1 वर्ष में), 16.2% (3 वर्ष), 13.1% (5 वर्ष), और 13.8% (10 वर्ष में) का औसत रिटर्न दिया है। इस श्रेणी में हर समय-सीमा में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इक्विटी और डेट फंड रहा है।

# साल के पहले ही दिन हिली अमीरों की दुनिया, अडानी की रेकॉर्ड कमाई, जानिए किसे लगा सबसे बड़ा फटका






**सिटी 24 न्यूज**

नए साल के मौके पर एक जनवरी को दुनियाभर के अधिकांश शेयर मार्केट बंद रहे। दो जनवरी को जब बाजार खुले तो शेयर मार्केट्स में भारी गिरावट देखने को मिली। इस कारण दुनिया के अमीरों की लिस्ट भी साल के पहले ही कारोबारी दिन उलट गई। दुनिया के टॉप 10 रईसों में से नौ की नेटवर्थ में गिरावट आई। फ्रांस के कारोबारी बर्नार्ड आरनॉल्ट को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। उनकी नेटवर्थ में 6.11 अरब डॉलर की गिरावट आई और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे से तीसरे नंबर पर फिसल गए। टॉप 10 में केवल वॉरेन बफेट को फायदा हुआ जबकि ओवरऑल गौतम अडानी की नेटवर्थ में सबसे ज्यादा उछाल आई।

घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद अडानी ग्रुप के अधिकांश शेयरों में मंगलवार को तेजी रही। Bloomberg Billionaires Index के मुताबिक इससे अडानी की नेटवर्थ में 1.63 अरब डॉलर की तेजी आई और यह 85.9 अरब डॉलर पहुंच गई। अडानी मंगलवार को सबसे ज्यादा कमाई करने वाले शख्स रहे। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 15वें स्थान पर हैं। हालांकि पिछले साल उनकी नेटवर्थ में सबसे ज्यादा गिरावट आई थी और टॉप 20 में वह नेटवर्थ गंवाने वाले एकमात्र रईस थे। उनकी नेटवर्थ में 36.2 अरब डॉलर की गिरावट आई थी। लेकिन नया साल उनके लिए खुशियां लेकर आया।

**कौन-कौन हैं टॉप 10 में**

मंगलवार को अमेरिका के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे टॉप 10 में कमाई करने वाले एकमात्र अरबपति रहे। उनकी नेटवर्थ में 1.56 अरब डॉलर की तेजी आई। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने साल के पहले कारोबारी दिन 1.85 अरब डॉलर गंवाए। उनकी नेटवर्थ अब 227 अरब डॉलर रह गई है। फ्रांसीसी अरबपति आरनॉल्ट की नेटवर्थ में 6.11 अरब डॉलर की गिरावट आई और वह 173 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। ऐमजॉन के जेफ बेजोस 175 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ एक बार फिर दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

बिल गेट्स (140 अरब डॉलर) इस लिस्ट में चौथे, स्टीव बालमर (129 अरब डॉलर) पांचवें, मार्क जकरबर्ग (125 अरब डॉलर) छठे, लैरी पेज (125 अरब डॉलर) सातवें, लैरी एलिसन (122 अरब डॉलर) आठवें, वॉरेन बफे (121 अरब डॉलर) और सर्गेई ब्रिन (119 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में मंगलवार को 86.7 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह 97.2 अरब डॉलर पहुंच गई। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन अंबानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 13वें नंबर पर हैं।

# पति के बजाय बच्चों को पेंशन के लिए नामांकित कर सकती हैं महिला कर्मचारी, सरकार ने किया नियमों में बदलाव

**सिटी 24 न्यूज**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि महिला कर्मचारी वैवाहिक विवाद के मामले में पति के बजाय अपने बच्चे या बच्चों को पारिवारिक पेंशन के लिए नामांकित कर सकेंगी। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 का नियम 50 सरकारी कर्मचारी या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद पारिवारिक पेंशन देने की अनुमति देता है। यदि किसी मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की जीवित पति या पत्नी हैं, तो पारिवारिक पेंशन सबसे पहले पति या पत्नी को दी जाती है।




नियमों के अनुसार, मृत सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी के जीवन साथी के पारिवारिक पेंशन के लिए अयोग्य हो जाने या उसकी मृत्यु हो जाने पर ही परिवार के अन्य सदस्य अपनी बारी पर पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र बनते हैं। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने अब नियमों में संशोधन किया है और एक महिला कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन के लिए अपने पति के बजाय अपने बच्चे/बच्चों को नामांकित करने की अनुमति दी है।

**क्या है बदलाव**

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) के सचिव वी श्रिनिवास ने कहा, 'उन सभी मामलों में जिनमें तलाक की याचिका दायर की गई है या घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के तहत याचिका दायर की गई है या भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामले शामिल हैं, यह संशोधन एक महिला सरकारी कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन पति के बजाय उसके पात्र बच्चे को वितरित करने की अनुमति देता है।' उन्होंने कहा कि यह संशोधन डीओपीपीडब्ल्यू ने प्राप्त अभ्यावेदनों को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के परामर्श से किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1989 बैच के राजस्थान कैडर के अधिकारी श्रिनिवास ने कहा, 'यह संशोधन प्रगतिशील प्रकृति का है और पारिवारिक पेंशन के मामलों में महिला कर्मचारियों को सशक्त बनाता है।'

# तो इस बार वेतनभोगी को मोहेंगी निर्मला सीतारमण

**सिटी 24 न्यूज**

इस साल का का बजट मतलब कि बजट 2024 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। अभी से पहले के बजट में तो वेतनभोगी टैक्सपेयर्स ठगे ही गए हैं। लेकिन इस बार उन्हें उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से उन्हें राहत मिलेगी। वित्त मंत्रालय से जुड़े आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि साल 2024 के बजट में कुछ खास हो सकता है। आइए जानते हैं क्या हो सकता है बजट में



**आम चुनाव से पहले का है बजट**

बजट 2024 आम चुनाव से ठीक पहले का बजट है। इसलिए यह पूर्ण बजट नहीं होगा बल्कि वोट ऑन अकाउंट होगा। यह कुछ महीने के लिए होगा। इसके बाद जो सरकार चुन कर आएगी, वही नया बजट संसद में पेश करेगी। लेकिन जिस तरह से नरेंद्र मोदी सरकार आत्मविश्वास में है, उसे देख कर लगता है कि इस बार के वोट ऑन अकाउंट में भी काफी महत्वपूर्ण घोषणाएं हो सकती हैं। नार्थ ब्लॉक के गलियारों से जो छन-छन कर खबर आ रही है, उससे तो यही संकेत है कि बजट 2024 में 10 लाख रुपए तक की सैलरी वालों को बड़ी खुशखबरी मिल सकती है।

**क्या बदलेगा इनकम टैक्स स्लैब?**

सीबीडीटी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, टैक्सपेयर्स को राहत देने के लिए बजट में इनकम टैक्स स्लैब में चेंज किया जा सकता है। हालांकि, इसमें कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। लेकिन किसी सैलरी वर्ग वालों को कुछ छूट संभव है। ओल्ड टैक्स रिजीम की बात करें तो मौजूदा सिस्टम में इनकम टैक्स के कुल 5 स्लैब हैं। इनमें 2.5 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स फ्री कैटेगरी में आती है। इसके बाद 2.5 लाख से 5 लाख रुपए तक की इनकम पर 5 फीसदी टैक्स है। वहीं, 5 लाख से 10 लाख की आय पर सीधे 20 फीसदी टैक्स चुकाना होता है। 10 लाख रुपए से 20 लाख रुपए तक की आय पर 30 फीसदी टैक्स लगता है और 20 लाख से ऊपर की इनकम वालों को भी 30 फीसदी टैक्स चुकाना होता है। वहीं, न्यू टैक्स रिजीम में अभी तक 7 लाख रुपए तक की सैलरी टैक्स फ्री के दायरे में आती है। इसमें और बड़ी छूट दी जा सकती है। इसे बढ़ाकर 10 लाख रुपए किया जा सकता है। बताया जाता है कि वित्त मंत्री ओल्ड टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं करेंगी। जो कुछ होगा, न्यू टैक्स रिजीम में ही होगा।

**फोकस क्या रहेगा**

वित्त मंत्रालय के सूत्रों की मानें तो बजट में 10 लाख रुपए तक की सैलरी वाला स्ट्रक्चर फोकस में होगा। इसमें बदलाव की संभावना है। अभी 10 लाख तक की सैलरी दो टैक्स स्लैब में आती है। पहला 6 से 9 लाख रुपए, जिस पर 10 फीसदी टैक्स है। वहीं, 9 लाख से 12 लाख जिस पर 15 फीसदी टैक्स है। ऐसे में दो टैक्स स्लैब को सीधे 10 लाख का स्लैब बनाने की कोशिश हो सकती है। इस पर भी 10 फीसदी टैक्स लगाने की ही योजना है. इसमें 6-9 लाख रुपए वाला स्लैब बदला जा सकता है। इन बातों के अलावा कुछ और प्रावधान किया जा सकता है।

**ज्यादा आमदनी वालों के लिए क्या**

मौजूदा टैक्स सिस्टम में न्यू रिजीम में 15 लाख रुपए की आय वालों पर 20 फीसदी टैक्स लगता है। मतलब अगर 10 लाख तक देखें तो 10 और 15 फीसदी की दर से टैक्स लगता है। वहीं, 15 लाख पर 20 फीसदी टैक्स है। ऐसी संभावना है कि 15 फीसदी के स्लैब को खत्म कर दिया जाए। 10 लाख तक सीधे 10 फीसदी और 10 से 15 लाख रुपए की इनकम पर सीधे 20 फीसदी टैक्स लगाया जाए। ऐसी स्थिति में 10 से 12 फीसदी स्लैब में आने वालों पर टैक्स का बोझ बढ़ेगा लेकिन, 10 लाख तक काफी बड़ी राहत मिल जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने एसआइटी या सीबीआई को क्यों नहीं दी अडानी-हिंडनबर्ग रिसर्च की जांच

**सिटी 24 न्यूज**

सुप्रीम कोर्ट ने अडानी-हिंडनबर्ग रिसर्च मामले में आज फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले को एसआईटी या सीबीआई को ट्रांसफर करने की मांग खारिज कर दी।

इसके बजाय चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड की अगुवाई वाली बेंच ने मार्केट रेगुलेटर सेबी को अडानी ग्रुप पर लगे दो मामलों की जांच तीन महीने के भीतर पूरा करने का आदेश दिया। कोर्ट का फैसला रिपोर्ट्स की सत्यता के आंकलन और सेबी के न्याय क्षेत्र पर आधारित है। बेंच ने जॉर्ज सोरोस से जुड़ी संस्था ओसीसीआरपी और हिंडनबर्ग की रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर संदेह जताते हुए कहा कि स्वतंत्र रूप से आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकती है और इन्हें सही जानकारी नहीं माना जाना चाहिए। ओसीसीआरपी और हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट्स में अडानी ग्रुप पर शेयरों की कीमत के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था।

इतना ही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफपीआई से जुड़े नियमों में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। आरोप लगाया गया था कि अडानी ग्रुप ने शेयरों की कीमत बढ़ाने के लिए इन नियमों का सहारा लिया था। कोर्ट ने कहा कि इन नियमों को निरस्त करने का कोई ठोस आधार नहीं है। यानी इन नियमों में कोई खामी नहीं है। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने इन मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी के सदस्यों पर हितों के टकराव का आरोप लगाया था लेकिन कोर्ट ने कहा कि इन दावों में कोई दम नहीं है। बार-बार इस तरह के आरोप लगाए गए लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें खारिज करते हुए एसआईटी के सदस्यों की निष्पक्षता पर मुहर लगाई।

**चीफ जस्टिस ने क्या कहा**

चीफ जस्टिस चंद्रचूड ने कहा कि कोर्ट के पास सेबी के रेगुलेटरी फ्रेमवर्क में दखल देने का सीमित अधिकार है। उन्होंने कहा, सेबी के नियामकीय ढांचे में दखल देने की इस अदालत की शक्तियां सीमित हैं। यह बयान सेबी जैसी नियामकीय संस्थाओं की स्वायतता और विशेषज्ञता के बारे में सुप्रीम कोर्ट की सोच को दिखाता है। कोर्ट ने एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों के हितों के टकराव के बारे में भी याचिकाकर्ता की इस दलीलों को खारिज कर दिया। उसने कहा कि कानूनी कार्यवाही में ओसीसीआरपी की रिपोर्ट जैसी अपुष्ट थर्ड पार्टी रिपोर्ट्स पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

कोर्ट ने सेबी को अपनी जांच पूरी करने के साथ ही सरकार और मार्केट रेगुलेटर को यह आदेश भी दिया कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने कानून का कोई उल्लंघन तो नहीं किया है और अगर ऐसा कुछ हुआ है तो इस पर कानून के मुताबिक कार्रवाई की जानी चाहिए। कोर्ट ने साथ ही सुझाव दिया कि भारतीय निवेशकों के हितों को मजबूत करने के लिए कमेटी के सुझावों को लागू करने पर विचार किया जाना चाहिए।

**भविष्य के लिए नजीर है यह फैसला**

यह फैसला भारतीय न्यायक्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी जैसी नियामकीय संस्थाओं की विशेषज्ञता के प्रति सम्मान दिखाया है और उनके कार्यक्षेत्र में दखल देने से परहेज किया है। इस फैसले ने न केवल सेबी की अथॉरिटी को बरकरार रखा है बल्कि लीगल प्रॉसीडिंग्स में पुष्ट जानकारी की अहमियत को भी दिखाया है। इस फैसले ने भविष्य में आने वाले जटिल वित्तीय मामलों से जुड़े मामलों के लिए एक नजीर पेश की है।




## राम मंदिर से पलटी इस कंपनी की किस्मत, मिला 5 लाख प्रसाद के पैकेट तैयार करने का बड़ा ऑर्डर

**सिटी 24 न्यूज**



अयोध्या में राम मंदिर में जल्द ही श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। इसकी तारीख नजदीक आती जा रही है। इस बीच श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने फैसला किया है कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में इलायची दाना दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राम विलास एंड संस को श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले प्रसाद को तैयार करने का ऑर्डर दिया गया है। कंपनी को 5 लाख पैकेट तैयार करने का ऑर्डर मिला है। इलायची दाना को चीनी और इलायची के मिश्रण से बनाया जाता है। 22 जनवरी से पहले प्रयाद के ये पैकेट तैयार किए जाएंगे। इसके लिए दिनरात तेजी से कम चल रहा है। अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले ही इसके लकड़ी से बने विभिन्न मॉडल की मांग कई गुना बढ़ गई है। मॉडल में रामजन्मभूमि स्थल पर निर्माणाधीन भव्य मंदिर के डिजाइन को दर्शाया गया है। मॉडल एक आधार पर खड़े हैं जिस पर हिंदी में लिखा है- 'श्री राम मंदिर अयोध्या या 'श्री रामजन्मभूमि मंदिर अयोध्या'। दुकानदारों के मुताबिक, मंदिर के इन मॉडल के अलावा, भगवान राम के नाम वाली धातु की अंगूठियां, लॉकेट और अन्य कपड़े की वस्तुएं भी अयोध्या की दुकानों पर हाथों हाथ बिक रही हैं। इसी के साथ'जय श्री राम' लिखी अंगूठियां और चाबी का गुच्छा, कंगन, धार्मिक मूर्तियां, सब कुछ तेजी से बिक रहा है। राम मंदिर की 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए 22 जनवरी को एक लाख से अधिक भक्तों के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे।

**फूलों से महकेगी अयोध्या:** अयोध्या के राम मंदिर परिसर में फूलों को लगाने और परिसर को हराभरा रखने की जिम्मेदारी भोपाल की एक नर्सरी को मिली है। भोपाल से पांच प्रकार के फूलों के 35 हजार छोटे-बड़े पौधे और घांस को अयोध्या भेजे जा रहे हैं। इसमें कई सजावटी फूल भी हैं। राम मंदिर परिसर में बोगनवेलिया, टिवृविया अर्जेटीया, फॉक्सटेल पाम रॉयल पाम कोरियन कॉरपेट ग्रास सहित अन्य प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे।

# होडल में अपनी मांगों को लेकर पटवारी बैठे तीन दिन के किए धरने, लोग हुए परेशान



सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** प्रदेश स्तरीय हड़ताल के चलते होडल में भी पटवारी तीन दिवसीय हड़ताल पर बैठ गए हैं। वेतनमान की वृद्धि को लेकर पटवारी अड़े हुए हैं। इससे पहले भी अपनी मांगों को लेकर पटवारी हड़ताल पर रहे थे। वेतनमान में वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर जिले के पटवारी प्रदेश स्तरीय हड़ताल पर बैठ गए हैं। इससे पहले भी अपनी मांगों को लेकर पटवारी जिला उपयुक्त को प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंप चुके हैं। पलवल के पटवार भवन में हड़ताल पर बैठे पटवारी सरकार से अपनी मांगों को मनवाने को लेकर अड़े हुए हैं। द रेवेन्यू कानूनगो एवं पटवारी संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद दलाल ने बताया कि पे ग्रेड बढ़ाने को लेकर सरकार से पहले भी मांग की गई थी कोई सुनवाई न होने के चलते अब तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर हम बैठे हैं प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देश अनुसार आगे का कदम भी उठाया जाएगा। हड़ताल पर बैठे पटवारीयो में भूपेंद्र, अनिल और नवीन ने बताया कि पिछले वर्ष 25 जनवरी को मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के मुताबिक पटवारी का पे ग्रेड 25500 से बढ़कर 32100 किया गया था जिसे लागू किए जाने को लेकर पटवारी लगातार मांग कर रहे हैं उन्होंने बताया पे ग्रेड की मांग उनकी मुख्य है जैसे लेकर वह हड़ताल पर है अगर सरकार उनकी मांगे नहीं मानती तो प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा दिए गए फैसले के अनुसार आगे का निर्णय लिया जाएगा।

# पानी में क्लोरिन का सुरक्षित संचालन और उसकी आपातकालीन तैयारियों से करवाया अवगत

**पबलिक हैल्थ डिपार्टमेंट ने फिल्ड स्टॉफ को प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देकर किया जागरूक**




सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से बुधवार को क्लोरिन का सुरक्षित संचालन और उसकी आपातकालीन तैयारियों से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण अलकली मैन्युफैक्चरिंग ऐसीयोसेशन ऑफ इंडिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिला सलाहकार कुसुम जांगड़ा ने बताया कि एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पानी की शुद्धता बनाने और क्लोरीन की मात्रा, प्रयोग, देखरेख व क्लोरिन की आपातकालीन तैयारियां रखना जैसे विषयों पर प्रशिक्षण देना है। उन्होंने कहा कि शुद्ध जल की उपलब्धता ही हमारी जिम्मेदारी है और इसी दिशा में फील्ड स्तर पर कार्य कर रहे डबल्यूपीओ व पंप अटेंडेंट को यह प्रशिक्षण दिया गया है। उपमंडल अभियंता ने फील्ड स्टॉफ को निर्देश दिए कि वे आज के प्रशिक्षण को लगन और गंभीरता से सुने व सीखे तथा अपने फील्ड में इन सिखाए गए नियम और शर्तों का उपयोग करें। इस तरह के प्रशिक्षण हमारे लिए काफी उपयोगी है। इसलिए हमें इसे सीखकर फील्ड स्तर पर लागू करना है। अलकली मैन्युफैक्चरिंग ऐसीयोसेशन ऑफ इंडिया के प्रशिक्षक योगेश चंद स्वामी ने फील्ड स्टॉफ को प्रशिक्षण देते हुए क्लोरिन की सही मात्रा में प्रयोग करने की महत्वपूर्ण जानकारी दी, ताकि पानी की गुणवत्ता में कमी न आए। क्लोरिन प्रयोग करने वाले को सुरक्षा के नियम और शर्तों के अनुसार ही प्रयोग करना चाहिए। प्रशिक्षक ने प्रशिक्षण के दौरान व्यवहारिक तौर पर यंत्रों का प्रयोग करके क्लोरिन का सुरक्षित संचालन और आपातकालीन तैयारियां से प्रशिक्षित किया। साथ ही भारत सरकार की क्लोरिन का प्रयोग, सुरक्षित संचालन, आपातकालीन तैयारियां आदि से संबंधित नियम व शर्तों से भी अवगत करवाया। उपमंडल अभियंता तिरलोक चंद मंगला ने प्रशिक्षक योगेश चंद स्वामी को विभाग की ओर से प्रशंसा पत्र दे कर सम्मानित किया। इस असवर पर उपमंडल अभियंता प्रीति शर्मा, सुरेंद्र सरोहा, राजबीर सिंह व कनिष्ठ अभियंता गजे सिंह, तेजबीर सिंह, परवीन कुमार, योगेंद्र कुमार, राहुल कुमार, ओम प्रकाश, कृष्ण कुमार, आरिफ अंसारी, सुरेंद्र सिंह, मोहित कुमार, समीम उल्लाह, बीआरसी मंजू रानी, विश्वास, कुलदीप सिंह और जिला भर से सभी डबल्यूपीओ व पंप अटेंडेंट मौजूद रहें।

# वर्षों बाद रसूलपुर ओवरब्रिज से दुपहिया वाहनों का आवागमन हुआ शुरू



सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** रसूलपुर ओवर ब्रिज पर बाइक सवारों का आवागमन शुरू हो गया। चौपहिया वाहनों का यातायात महीने के आखिरी सप्ताह तक शुरू हो जाएगा। ओवरब्रिज की फिनिशिंग, कटों का भरना और सडक़पर तारकौल की काली पट्‌टी बिछाने के साथ-साथ साइडों में खाली जगहों को भरना बकाया। निर्माण कार्य तेज स्पीड में चल रहा है। करीब पांच साल बाद रसूलपुर ओवर ब्रिज पर सफर करने का सपना पूरा होने लगा है। साल 2018 के अक्टूबर माह में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने नारियल तोड़ कर रसूलपुर रेलवे फाटक पर पुल निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया था। पुल निर्माण की समय सीमा 18 महीने रखी गई थी। साल 2022 के फरवरी माह में पुल निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों ने 16 दिन तक धरना भी दिया था। इस दौरान पुल बना रहे ठेकेदार पर करीब 46 लाख रुपये का जुर्माना भी किया गया था। पुल निर्माण की लगातार समय सीमा बढाई जा रही थी। कभी कोरोना तो कभी पाल्यूशन और कभी पेमेंट नहीं मिलने कारण बताए जाते रहे। रसूलपुर ओवर ब्रिज से करीब 40 गांवों की दो लाख आबादी को यातायात सुगम हो गया है। शहर में रेलवे लाइन पार का इलाका के साथ-साथ छज्जूनगर, रसूलपुर, बडौली, कुशक, भवाना, टप्पा, बिल्लौचपुर, बाता, बेला, खेडला, नन्दावाला, लोहागढ़ सहित अनेक गांवों को फायदा होगा। लोगों को पलवल आने के लिए चक्कर नहीं लगाना होगा।

वहीं रेलवे लाइन के आसपास बसने वालों को भी फायदा होगा। प्रशासन का कहना है कि ओवरब्रिज का कार्य तेज स्पीड में जारी है और करीब 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। फिनिशिंग, लेवलिंग, तारकौल की पट्‌टी लगाना और गार्डरों के बीच की खाली जगह को भरना बकाया है। यह काम इस महीने के आखिरी सप्ताह में पुरा हो जाएगा और लोगों का आवागमन शुरू हो जाएगा।

# अंत्योदय को हासिल करना ही सरकार का मुख्य लक्ष्य : मुकेश सिंगला

**गांवों में पहुंच रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा, लोग उठा रहे हैं लाभ**



सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई अनूठी स्कीमों की शुरूआत कर ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करके व्यवस्था परिवर्तन का कार्य किया है, जिससे भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार व क्षेत्रवाद पर अंकुश लगा है। विधायक प्रतिनिधि मुकेश सिंगला ने कहा की आज परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी सेवाओं और योजनाओं को ऑनलाइन कर देने से इनका लाभ पात्र लोगों को घर-द्वार पर ही मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का हर नागरिक को लाभ देने के लिए संकल्प यात्रा प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंच रही हैं। इस बीच मुख्य अतिथि ने कार्यक्रमों में उपसथित लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से जो व्यक्ति किसी कारणवश वंचित रह गया है, उन्हें मौके पर ही योजनाओं का लाभ देने का सरकार का लक्ष्य है। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों ने अपने अनुभव सांझा किए। इस दौरान सभी विभागों ने अपनी स्टॉल लगाकर नागरिकों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को ड्रोन की जानकारी दी गई। इसी क्रम में बडौली खंड के गांव पेहरू का नगला, शेखपुर में विधायक पलवल के प्रतिनिधि मुकेश सिंगला, एसडीएम रणवीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्कूली बच्चों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, खिलाडिय़ों व कलाकारों को सम्मानित किया और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की पात्र महिलाओं को घरेलु गैस कनैक्शन भेंट किए। मुख्य अतिथियों ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों से फीडबैक लिया।

# नूँह कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए महताब अहमद ने किया कार्यकर्ताओं का धन्यवाद



सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूँह कांग्रेस सम्मेलन की बड़ी सफलता के बाद बुधवार को पीसीसी सदस्य व मेवात कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी महताब अहमद ने सभी कार्यकर्ताओं व पार्टी पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छह डिग्री ठंड में गर्मी का अहसास कराने का काम किया। उन्होंने कहा कि हज़ारों की भीड़ इस बात का परिचायक है कि बीजेपी जेजेपी सरकार जा रही है और कांग्रेस सरकार आ रही हैं। महताब अहमद ने कांग्रेस जनों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि सड़क से लेकर विधानसभा तक कांग्रेस मज़बूती से लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन का बड़ी रैली में तब्दील होना प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का सूचक है। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मेवात के विकास के लिए जो वायदा मेवात से किया वो कांग्रेस सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। इलाक़े में रोज़गार के संसाधन, आधारभूत ढाँचा, किसान, ग़रीब के कल्याण कार्य, युवाओं को रोज़गार, महंगाई- भ्रष्टाचार - बेरोज़गारी से निजात दिलाई जायगी। हुड्डा-उदयभान की जोड़ी प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है जिसमें नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ साथ आवाम का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। सीएलपी उप नेता आफ़ताब अहमद ने भी इलाक़े की माँगों को कांग्रेस नेतृत्व के समक्ष रखने का काम किया। सालाहेडी केंद्रीय विद्यालय, मेवात विश्वविद्यालय, कोटला झील का विस्तार, ड्राइविंग स्कूल छपेडा, मेवात कैनाल, मेडीकल कॉलेज का सुधार और विस्तार, नूँह अलवर बॉर्डर तक फोर लेन, सेक्टर विकसित करने, रेल शुरू करने , किसानों के क़र्ज़ माफ़ी करने के काम कांग्रेस सरकार बनते ही शुरू किए जाएँगे। महताब अहमद ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इसी तरह मेहनत करने की सलाह देते हुए कहा कि बीजेपी जेजेपी सरकार जाने को है और कांग्रेस सरकार बनने वाली है।

# शीत लहर से बचाव के लिए बरतें जरूरी सावधानीः डीसी धीरेंद्र खड़गटा



सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** डीसी धीरेंद्र खड़गटा नूंह ने जिलावासियों से अत्यधिक सर्दी व शीत लहर चलने के कारण शीत-घात से बचाव के लिए जरूरी उपाय अपनाने व सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सर्दी के इस मौसम में बिना वजह बाहर न घूमें व जितना संभव हो,अपने घरों में ही बने रहें और कम से कम यात्रा करें। डीसी ने बताया कि इन दिनों जिले में शीतलहर व कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सभी जिलावासी शीत-घात से बचने के लिए घरों से बाहर जाने से पूर्व मौसम का पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टीवी, समाचार पत्र, वैदर एप आदि से जानकारी ले ताकि आगामी दिनों में शीत लहर की संभावना है या नहीं। सर्दियों के लिए पर्याप्त गर्म कपड़ों का स्टॉक रखें। घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने हेतु दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू,नॉक बहना, भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने से होती हैं। इस तरह के लक्षणों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतें तथा स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें। ठंड से बचने के लिए गर्म व खुले कपड़े पहनें। तंग कपड़े पहनने से बचें, क्योंकि ये खून के बहाव को रोकते हैं। खुद को सूखा रखें और पानी में भीगने से बचें।शरीर की गरमाहट बनाये रखने हेतु अपने सिर,गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढककर रखें। गीले कपड़े तुरंत बदलें। हाथों में दस्ताने रखें।फेफड़ों को बचाने के लिए मास्क का प्रयोग करें। सिर पर टोपी या मफलर पहने, स्वास्थ्यवर्धक भोजन लें।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन-सी से भरपूर फल और सबजियां खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पीएं, इससे ठंड से लड़ने के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी। बुजुर्ग लोगों, नवजात शिशुओं तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें एवं ऐसे पड़ोसी जो अकेले रहते हैं, विशेषकर बुजुर्ग लोगों का हाल-चाल पूछते रहें।जरूरत के अनुसार ही रूम हीटर का प्रयोग करें, लेकिन रूम हीटर के प्रयोग के दौरान विशेष सावधानी बरतें, क्योंकि इनसे कमरे में आक्सीजन की कमी हो जाती है। उन्होंने कहा कि सिर और कानों को ठंडी हवाओं से बचाने के लिए हेडकवरिंग का उपयोग करें। बर्फबारी व रात्रि के समय बाहर जाने से बचें व आवश्यकता होने पर सुरक्षित रूप से बाहर निकलें। ठंड के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आसपास के लोगों की सुरक्षा के लिए ठंड से बचाव के सर्वेक्षण को बढ़ावा दें और उन्हें सहारा प्रदान करें।

# शहरी क्षेत्रों में विकसित भारत-संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों की शुरूआत आज से : रेनू सोगन



सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** विकसित भारत-संकल्प यात्रा एवं जनसंवाद कार्यक्रमों की कड़ी में जिला के शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रमों की शुरूआत कल 4 जनवरी से वाईएमडी कालेज नूंह के प्रांगण में प्रात: 10 से दोपहर एक बजे तक जाएगी।इस कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त रेनू सोगन ने जानकारी देते हुए बताया कि शहरी क्षेत्र में पहला कार्यक्रम वाईएमडी कालेज नूंह में होगा, इसके बाद दोपहर बाद 2 से 5 बजे तक तावडू अनाजमंडी में कार्यक्रम होगा, जिसमें सभी मुख्य विभाग भाग लेंगे तथा अपनी स्टॉल लगाकर सरकार की योजनाओं व सेवाओं का सीधा लाभ शहरवासियों को देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी को प्रात: 10 बजे से दोपहर एक बजे लघु सचिवालय पुन्हाना तथा दोपहर बाद 2 बजे से 5 बजे तक फिरोजपुर झिरका स्थित नवाब समसुद्दीन पार्क में विकसित भारत-संकल्प यात्रा एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित शहरी क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और सरकार की योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर नागरिकों की पेंशन, परिवार पहचान-पत्र में त्रुटियां ठीक करने, राशन कार्ड व उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन देने, हैल्थ चेकअप के साथ-साथ आयुष्मान भारत एवं चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाओं का सीधा लाभ दिया जाएगा।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जिले में चलाया जा रहा राष्ट्रीय फलोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** जिले के गांवों में पीने के पानी में फलोराइड की मात्रा तय मानकों से अधिक होने के कारण जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा राष्ट्रीय फलोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से फलोरोसिस की टीम द्वारा गांव -गांव जाकर तथा स्कूलों में पढने. वाले बच्चों के सर्वे द्वारा दांतों और हड्डियों की जांच की जा रही है। पीने के पानी में फलोराइड की अधिकता होने के कारण छोटे बच्चों और व्यक्तियों में दांतों में पीलापन तथा हड्डियों में टेढापन (विकृति) बहुत ही सामान्य है। जिले की फलोरोसिस टीम द्वारा स्कूलों तथा गांवों में जाकर ऐसे रोगियों की जॉच की जा रही है तथा सामान्य मरीजों की मौके पर ही उपचार तथा परामर्श दिया जा रहा है, तथा जटिल मरीजों के उपचार के लिए सिविल अस्पताल मांडीखेड़ा लाया जा रहा है तथा अधिक जटिल मरीजों को मेडिकल कालेज नल्हड़ में इलाज किया जाता है। सिविल सर्जन डॉ राजीव बातिश ने बताया कि फलोरोसिस विभाग द्वारा दंत्य फलोरोसिस ग्रस्त लोंगों को फलोराइड मुक्त टुथपेस्ट वितरित की गई। अधिक जटिल मरीजों को दंत रोग विभाग द्वारा जरूरी इलाज किया गया। फलोरोसिस विभाग के नोडल अधिकारी डा. हेमन्त कुमार ने बताया की पीने के पानी में अधिक फलोराइड होने की वजह से उत्पन्न हुई फलोरोसिस बीमारी के मुख्य लक्षणों में उल्टी आना, भूख कम लगना, पेट में दर्द होना, गैस बनना, पेट फूलना, मांसपेसियों तथा जोंडों में दर्द होना, लम्बी दूरी तक चलने में असमर्थ होना, शामिल हैं। जिला में फलोरोसिस बीमारी से बचाव के लिए अपने पीने के पानी की जांच कमरा नंबर 46 सिविल अस्पताल मांडीखेड़ा में कराएं तथा बीमारी से बचाव के लिए भरपूर मात्रा में फल, हरी सबजियां, दूध तथा दुग्ध उत्पादन वाला संतुलित भोजन करें तथा उच्च फलोराइड युक्त भोजन जैसे काला नमक, सुपारी तम्बाकू तथा फलोराइड युक्त टूथपेस्ट का इस्तेमाल करने से बचें, और अधिक परामर्श के लिए फलोरोसिस विभाग सिविल अस्पताल मांडीखेडा में सम्पर्क करें।

# सरोज बनी जिला अध्यक्ष व जगवती डागर सचिव

## आशा वर्कर दोबारा कर सकती हैं आंदोलन



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ हुए समझौते को लागू करने में हो रही देरी से आशा वर्करों की नाराजगी बढ़ रही है जिसको लेकर यूनियन आंदोलन की घोषणा कर सकती है ।स्थानीय जाट धर्मशाला में यूनियन के छठे द्विवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन में बोलते हुए प्रदेश महासचिव सुनीता ने उक्त घोषणा की। महासचिव सुनीता उपप्रधान रामरति चौहान व सहसचिव सुधा की देख रेख में संपन्न जिला कमेटी के सांगठनिक चुनावों में सरोज को जिला प्रधान तथा जगबती डागर को सचिव व बबली सैनी को सर्वसम्मति से वित्त सचिव चुना गया ।सम्मेलन में जिला कमेटी द्वारा तैयार की गई सांगठनिक व वित्त रिपोर्ट पेश की गई जिसे सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों ने कुछ संशोधनों के बाद सर्वसम्मति से पास कर दिया। सम्मेलन में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता मास्टर महेन्द्रसिंह चौहान, धर्मचन्द सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राजेश शर्मा सचिव योगेश शर्मा सीआईटीयू की नेता उर्मिला रावत व रमेशचन्द तथा रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान बिधूसिंह व ताराचन्द ने शामिल होकर सफल सम्मेलन की शुभकामनाएं दीं। सम्मेलन में केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए हिट एण्ड रन कानून को जनहित में वापिस लेने की मांग की गई।

सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए यूनियन की प्रदेश महासचिव सुनीता उपप्रधान रामरति चौहान व सहसचिव सुधा ने कहा कि भारत सरकार ने देश में मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर को कम करने तथा स्वास्थ्य की तमाम सुविधाएं जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस योजना को लागू किया था जिसे देश व प्रदेश की आशा वर्करों ने सफलता पूर्वक पूरा करते हुए समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया ।प्रदेश की आशा वर्कर आज छोटे डॉक्टर के रूप में काम करती है ।स्वास्थ्य विभाग के ज्यादातर कार्य आशा वर्करों से ही कराए जाते हैं ।आशा वर्कर के ऊपर कर्मचारी से भी ज्यादा काम का बोझ डाल दिया है जबकि मानदेय व सुविधाओं के लिहाज़ से मजदूर से भी बदतर स्थिति है ।उन्होंने आरोप लगाया कि 73 दिन की सफल हड़ताल के बाद मुख्यमंत्री के साथ हुए समझौते को भी लागू नहीं किया गया है जिसके कारण प्रदेश की 20 हज़ार से ज्यादा आशा वर्करों को पिछले 7 महीने से मानदेय का भुगतान भी नहीं किया गया है ।बेतहाशा बढ़ रही महंगाई के के कारण आशा वर्करों को परिवार का गुजारा करने के लिए भी भारी संघर्ष करना पड़ रहा है।

यूनियन नेताओं ने कहा कि कोविड-19 जैसी भयंकर महामारी के समय जब सभी लोग डर के कारण अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे थे उस कठिन समय के ऊपर भी प्रदेश की आशा वर्करों ने अपनी जान की परवाह किए बिना घर घर जाकर स्वास्थ्य सुविधाऐं पहुंचाने का काम किया था ।इस बेहतरीन काम के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत की आशा वर्करों को ग्लोबल हैल्थ लीडर की उपाधि से नवाज़ा गया था ।लेकिन दुर्भाग्य से सरकारों ने आशा वर्कर की आर्थिक स्थिति को सुधारने का कोई प्रयास नहीं किया उल्टा उनके साथ ग़ुलामों जैसा व्यवहार किया जा रहा है ।उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों को आने वाले संघर्षों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

# अंत्योदय को हासिल करना ही सरकार का मुख्य लक्ष्य : विधायक प्रवीण डागर

## गांवों में पहुंच रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा, लोग उठा रहे हैं लाभ



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई अनूठी स्कीमों की शुरूआत कर ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करके व्यवस्था परिवर्तन का कार्य किया है, जिससे भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार व क्षेत्रवाद पर अंकुश लगा है।

विधायक प्रवीण डागर बुधवार को हथीन खंड के गांव रीबड में आयोजित विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से बतौर मुख्य अतिथि सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी सेवाओं और योजनाओं को ऑनलाइन कर देने से इनका लाभ पात्र लोगों को घर-द्वार पर ही मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का हर नागरिक को लाभ देने के लिए संकल्प यात्रा प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंच रही हैं।

इस बीच मुख्य अतिथि ने कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से जो व्यक्ति किसी कारणवश वंचित रह गया है, उन्हें मौके पर ही योजनाओं का लाभ देने का सरकार का लक्ष्य है। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों ने अपने अनुभव सांझा किए। इस दौरान सभी विभागों ने अपनी स्टॉल लगाकर नागरिकों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को ड्रोन की जानकारी दी गई।

इसी प्रकार विधायक हथीन के प्रतिनिधि सतीश डागर खंड हथीन के गांव खिल्लुका, अंधरौला व जैनपुर में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य पहुंचे। इसी क्रम में बडौली खंड के गांव पेहरू का नगला, शेखपुर में विधायक पलवल के प्रतिनिधि मुकेश सिंगला और होडल खंड के गांव मित्रोल में गांव के सरपंच प्रतिनिधि अजीत सिंह व औरंगाबाद में एसडीएम रणवीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्कूली बच्चों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, खिलाडि़यों व कलाकारों को सम्मानित किया और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की पात्र महिलाओं को घरेलु गैस कनैक्शन भेंट किए। मुख्य अतिथियों ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों से फीडबैक लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जगबीर सिंह, धर्मराज, पंचायत मेंबर गिर्राज सिंह, अंधरौला सरपंच शकुंत, शेखपुर सरपंच मीनाक्षी, खिल्लूका सरपंच वरीसा खान, उप सिविल सर्जन डा. रामेश्वरी, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल सहित अन्य गणमान्य लोग व ग्रामीण मौजूद रहे।

# नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा तस्करों के खिलाफ जिला पुलिस की बड़ी कार्यवाही, दो अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने 43.745 किलोग्राम गांजा किया बरामद

## फरार नशा तस्कर जल्द ही होंगे पुलिस की गिरफ्त में : जसलीन कौर



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जसलीन कौर एडिशनल एसपी पलवल ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी डॉ० अंशु सिंगला द्वारा जिला पुलिस को नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं। इसी कड़ी में कार्य करते हुए पलवल पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल पलवल एवं थाना कैंप पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 43.745 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद करने में कामयाबी हासिल की है लेकिन नशा तस्कर अभी फरार बताए गए हैं। मामले की जानकारी देते हुए एडिशनल एसपी ने बताया कि गत दिनांक 2 जनवरी 2024 को एंटी नारकोटिक्स सेल पलवल प्रभारी तेजपाल सिंह की टीम मे तैनात सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह अपनी टीम के साथ नशा तस्करी गतिविधियों की रोकथाम के लिए थाना कैंप क्षेत्र के अंतर्गत आगरा चौक मौजुद थे जहां उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ट्रैक्टर मार्कीट पलवल निवासी आरोपी पति पत्नी तस्कर ने न्यू कालोनी मे दो अलग -अलग मकानो को किराया पर लिया हुआ है जिसमे ये अवैध रुप से नशीला पदार्थ रखते है और आम जनता को बेचने का काम करते है। सूचना के आधार पर दोनों स्थानों पर एक साथ दबिश के लिए पुलिस की टीम गठित की गई और मुखबिर द्वारा मिली सूचना के आधार पर मौके पर डयूटी मजिस्ट्रैट एवं मकान मालिक की मौजूदगी मे एक घर की तलाशी मे एक घर के ऊपर बने कमरे के साथ रसोई के अन्दर से एक कट्टा प्लासटिक मे 10 किलो 412 ग्राम गांजा बरामद हुआ वहीं दूसरे घर की तलाशी में घर के प्रथम तल पर जीना के साथ बनी रसोई मे रखे लकडी के स्लैब के बाक्सो के अन्दर 5 पैक्ट पैकशुदा मिले व एक सफेद पोलोथीन के अन्दर 300 छोटे-छोटे पन्नी के पैकेट व तीन सफेद पोलोथीन मे नशीला पदार्थ भरा हुआ मिला जिनमे कुल वजन 33 किलो 333 ग्राम गांजा बरामद हुआ। एडिशनल एसपी ने बताया कि दोनों स्थान से बरामद मादक पदार्थ गांजा को कब्जे में लेकर आरोपीयों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। इस संदर्भ में मकान मालिक की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। दोनों फरार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबीश दी जा रही है जो जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। नशा तस्करी से जुड़े इस नेटवर्क के किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# पलवल पुलिस द्वारा साइबर अपराध के बारे में एक दिन का सबसे बडा जागरूकता अभियान



**एक दिन में 50 टीमों ने 30 हजार से अधिक लोगों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक**

**जागरूकता से ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है 'जागरूक रहें, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें : अंशु सिंगला**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के निर्देश पर लोगों को साइबर अपराध से बचने के किए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पलवल पुलिस की 50 टीमो ने अदालत परिसर, पलवल शहर स्थित सैम सिनेमा, रैड रॉक्स सिनमा हॉल, शैक्षणिक संस्थान, औद्योगिक संस्थान, जागरूकता वैन रैली जरिये, नुक्कड नाटक, मार्किट, चौपाल आदि 50 स्थानों पर लोगों को साइबर अपराध, महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक किया गया साथ ही उन्हें यातायात नियमों तथा नशा के दुष्प्रभाव बारे भी जागरूक किया गया। जागरूकता वैन रैली आगरा चौक पलवल से मीनार गेट, कमेटी चौक, सैक्टर-2 मोड, बस स्टैंड, रसूलपुर चौक होते हुए देवी लाल पार्क पर समाप्त हुई। सभी जगह साइबर अपराध,महिला अपराध तथा यातायात नियमों तथा नशा के दुष्प्रभाव जागरूक संबंधित सामग्री वितरित की गई। जिला पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान अब तक का सबसे बडा जागरूकता अभियान है । पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे जिला पलवल पुलिस की टीमें पिछले काफी समय से जिले के अधिकतर स्कूलों/कॉलेजों एवं गांवों में इस तरह के जागरूकता अभियान चला चुकी हैं । आज पुलिस द्वारा चलाये गये अभियान में करीब 30 हजार लोगों को जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान में पलवल पुलिस ने सभी को इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन फ्राड, वालेट और यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी से बचाव, आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम ऑनलाइन वित्तीय ठगी से बचाव, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में सभी को जागरूक रहने के लिए कहा गया। सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमैट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी कॉल, अनजान व्हाट्सएप वीडियो कॉल, ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप, सोशल मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआई संबंधी फ्राड के प्रति भी जागरूक किया गया। साइबर ठगी होने पर डायल 1930 कर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड कराने बारे सभी को अहम जानकारी दी गई।

जागरूकता अभियान में पलवल पुलिस ने महिलाओं को उनके अधिकारों व महिला विरुद्ध अपराध के बारे सजग किया गया। दुर्गा शक्ति ऐप इंस्टॉल करवाई गई और इसे ऑपरेट करने बारे बताया गया। महिलाओ को जागरूक कर उन्हें दुर्गा शक्ति एप और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर-1091 के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सभी को राष्ट्र निर्माण में अहम ट्रैफिक रूल्स की पालना बारे अपील की गई। आमजन को बताया कि किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में आप डायल 112 कर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक करते हुए नशा ग्रस्त को नशा से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व अन्य सामाजिक हित के कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ अंशु सिंगला द्वारा चलाए गए इस अभियान पर कहा कि पलवल पुलिस सदैव आपकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध एंव तत्पर है। अभियान की सफलता के लिए सभी को एक जुट होना होगा ताकि हम नषा मुक्त समाज की स्थापना कर सकें। हमें नववर्ष पर संकल्प लेना होगा कि हम राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हुए ट्रैफिक रूल्स की पालना करेगें और नारी का सम्मान करेगें। साईबर अपराधियों को अपनी मेहनत की गाढी कमाई हजम नहीं होने देगें इसके लिए हम स्वयं और अन्य को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करेगें।

# पलवल में वकील को हनीट्रैप में फंसा मांगे 20 लाख रुपये, युवती ने बेसुध कर बनाई अश्लील वीडियो

**कागजों पर हस्ताक्षर कराने गया था वकील, केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई में जुटी कैंप थाना पुलिस**



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** हरियाणा के पलवल में वकालत करने वाले वकील को दो युवतियों ने हनीट्रैप में फंसाकर दुष्कर्म के केस में फंसने की धमकी देकर 20 लाख रुपए की मांग की है। आरोप है कि युवतियों ने मुकदमे में कागजातों पर हस्ताक्षर करने के बहाने वकील को अपने घर बुलाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पीला दिया। बेहोशी की हालत में वकील के साथ अश्लील वीडियो तैयार की। कैंप थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवतियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के मुताबिक एक वकील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह पलवल कोर्ट में वकालत करता है। वह 5 साल से सोनिया नाम की एक युवती का केस कोर्ट में लड़ रहा है। सोनिया के साथ मोनिका नाम की युवती भी उसके पास आती थी। 26 दिसंबर को मोनिका उसे रास्ते में मिली और कहा कि उसकी सहेली किरण अपने पति के खिलाफ केस डालना चाहती है। 28 दिसंबर को मोनिका अपनी सहेली किरण को लेकर जिला कोर्ट में वकील के चेंबर में आई। तो किरण ने कहा कि उसे अपने पति के खिलाफ खर्च का केस डालना है। आप पेपर तैयार कर लो और जिस दिन पेपर पर हस्ताक्षर कराओ में उस दिन फीस लेकर आ जाऊंगी। वकील के अनुसार 30 दिसंबर को मोनिका व किरण ने उससे फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि उनके पास कोर्ट आने का कोई साधन नहीं है। आप कागजातों पर हस्ताक्षर करवाने के लिए मोनिका के घर आ जाओ। वहीं फीस भी दे दूंगी। वकील कागजात तैयार कर मोनिका के घर पहुंच गया। मौके पर उसे कारण भी मौजूद मिली। उसने मुकदमे के कागजात में वकालतनामा पर किरण के हस्ताक्षर कराए। वकील के अनुसार इसके बाद किरण ने उसे कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए दी। इसे पीते ही वह अर्धचेत अवस्था में हो गया। कुछ देर बाद उसे जब होश आया। तो उसने देखा कि वह किरण के साथ नग्न अवस्था में है। किरण ने कहा कि मैंने तुम्हारी वीडियो बना ली है। यदि 20 लाख रुपए नहीं दिए। तो दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा देंगे। उसने उसकी जेब से 15 हजार रुपये भी निकाल लिए। किरण वकील पर 20 लाख रुपए देने का दवाब बनाने लगी। वकील ने बताया कि मोनिका ने उसके पास फोन कर कहा कि उसने किरण को 2 लाख रुपये में सहमत कर लिया है। किरण को 2 लाख दे दो। वह तुम्हें मुकदमे में नहीं फसाएगी और रिकॉर्डिंग को भी डिलीट कर देगी। कैंप थाना पुलिस ने वकील की शिकायत पर आरोपी किरण व मोनिका के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल दोनों आरोपी युवतियां फरार हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गांव औरंगाबाद में किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा आज होडल विधानसभा क्षेत्र के गांव औरांगाबाद पहुंची। इस यात्रा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। एलडीएम ओमप्रकाश ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना चलाई गई है। इस योजना के अनुसार किसानों के खातों में दो दो हजार रुपए की किस्त डाली जाती है। जिन किसानों ने अभी तक केसीसी नहीं करवाई है। ऐसे किसान अपनी केसीसी अवश्य करवाएं ताकि सरकार की योजनाओं को लाभ प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विकसित भारत यात्रा के माध्यम से लोगों को एक ही छत के नीचे सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित किया गया है। लाभार्थी योजनाओं के बारे में जानकारी लें और स्कीमों का अवश्य लाभ उठाऐं। विकसित भारत यात्रा के दौरान मत्स्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को मछली पालन के बारे में जागरूक किया गया। मत्स्य अधिकारी गीता बघेल ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के तहत मछली पालन करने के लिए सबसिडी प्रदान की जा रही है। किसानों को इस योजना का लाभ उठाना चाहिए। ग्रामीण रिंकू ने बताया कि विकसित भारत यात्रा में आकर कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ उठाया है।

सिटी 24 न्यूज
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नवल सिंह द्वारा कहकशा ग्राफिक्स, 1501, गली कासिम जान, लाल कुआं, दिल्ली-110006 से मुद्रित करवाकर कार्यालय 273/3, मैजनाइन फ्लोर, मंटोला, पहाड़गंज ( नई दिल्ली )-110055 से प्रकाशित एवं प्रसारित। समाचार में प्रकाशित सभी लेखों, विचारों एवं समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इसके लिए लेखक ही स्वयं जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल दिल्ली न्यायालय में ही मान्य होगा। मो. नं. 08826598195, ई-मेल: city24newsroom@gmail.com

# 22 जनवरी के दिन को दीपावली के रूप में मनाए हर भारतवासी : विपुल गोयल

## पूर्वमंत्री ने की लोगों से प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को ऐतिहासिक बनाने की अपील



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** राम नगरी अयोध्या के भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए आरएसएस विहिप और संघ के सभी समविचारी संगठनों के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण देने एक जनवरी से लगे हुए है। बुधवार को इसी कड़ी में शामिल होते हुए फ़रीदाबाद से पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने विहिप के ही ऑल इंडिया के कोषाध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता के साथ ओल्ड फ़रीदाबाद के बाजार में सभी दुकानदारों को 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के दिन को 'दीपावली' के रूप में मनाने कि अपील की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने सभी दुकानदार कों पूजीत अक्षत और प्रभु राम मंदिर का चित्र भेंट करके इस अवसर का साक्षी बनने के लिए आमंत्रित किया।

विपुल गोयल ने 22 जनवरी को सभी लोगों से अपने घरों, मंदिरों और देवस्थानों पर उस दिन उत्सव मनाकर प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुसार श्रीराम ज्योति जलाकर दीपावली मनाने का भी आह्वान किया । आज ओल्ड फ़रीदाबाद के बाजार में गाजे-बाजे व जयश्रीराम के उद्घोष के साथ इस अभियान की शुरुआत हुई जिस पर बाजार के दुकानदार भाईयो ने पूर्व मंत्री विपुल गोयल के निमंत्रण कों स्वीकार कर प्रधानमंत्री मोदी कों धन्यवाद देते हुए कहा की वर्षो के इंतजार के बाद रामलला अपने असल स्थान पर विराजित होंगे और वो जरूर इस उत्सव में शामिल होंगे। कोषाध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता ने बताया की देश के पांच करोड़ परिवारों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जोडने. की कोशिश होगी और अक्षत वितरण के कार्यक्रम कों अब मंदिरो और शहर के विभिन्न इलाकों में ले जाया जाएगा। विपुल गोयल का अक्षत वितरण के दौरान पुरे बाजार में दुकानदारों द्वारा जगह-जगह फूल मालाओ के साथ- साथ पगड़ी बाँधकर और बुक्के भेंट करके स्वागत किया और कई जगह मिठाई से मुँह मीठा करवा उनका निमंत्रण स्वीकार किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री विपुल गोयल के साथ शहर ओल्ड से विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के अलावा राजनैतिक लोग भी अक्षत वितरण के कार्यक्रम में शामिल हुए। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ दिन पहले लोगों से अपील की थी कि वे 22 जनवरी को राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के दिन को 'दीपावली' के रूप में मनाने के लिए अपने घरों में विशेष दीये जलाएं। पूर्व मंत्री ने बताया की इस शुभ अवसर पर हर देशवासी प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर अपने पड़ोस के मंदिरों में एकत्र होकर इस अवसर कों एक उत्सव की तरह मनाए क्योंकि वर्षो बाद ये शुभ दिन आया है जिसका इंतजार हर भारतवासी को था।

# डीसी विक्रम सिंह ने तहसील का किया औचक निरीक्षण



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि तहसील कार्यालय में पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ लोगों के कार्य करना सुनिश्चित किए जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और न ही किसी नागरिक को परेशानी आने दी जाए। अगर किसी अधिकारी और कर्मचारी की शिकायत सामने आई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीसी विक्रम सिंह ने बुधवार को आज सेक्टर-12 स्थित फरीदाबाद तहसील व अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

डीसी विक्रम सिंह ने फरीदाबाद तहसील में हो रही रजिस्ट्रियों तथा अन्य कामकाज की बारीकी से जांच की। उन्होंने समीक्षा करके संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहाकि सरकार की योजनाओं का जल्द से जल्द फायदा पहुंचाना अधिकारियों व कर्मचारियों का अहम और प्रथम लक्ष्य है। इसलिए सरकार की योजनाओं को लेकर जितने भी काउंटर बनाए गए हैं। उन काउंटरों पर कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि में बैठकर लोगों के कार्यों को तुरंत पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। किसी भी नागरिक को परेशानी और दिक्कत नहीं आने चाहिए। इस मामले में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। तहसील परिसर की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराने, शौचालयों को साफ कराकर उपयोग के लिए बनाने का निर्देश दिया। जन सामान्य के लिए तहसील को सुविधाजनक बनाए जाने, पेयजल, सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था कराने व जनसामान्य को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने अधिकारियों को निर्देश दिए।

# वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल का 26वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा ने छात्रों को वितरित किए पुरस्कार



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** सैक्टर-46 स्थित वर्धमान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का 26 वां वार्षिकोत्सव जोश व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में फिल्म अभिनेता एवं हरियाणवीं कलाकार यशपाल शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर कम प्रिंसीपल डा. सुमन जैन व कोर्डिनेटर वर्धमान जैन ने मुख्य अतिथि यशपाल शर्मा तथा श्रीमती प्रतिभा शर्मा का बुक्के देकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इसके अलावा रामपाल बल्हारा, घनश्याम दास शर्मा, राजू मान, हितेश शर्मा, कुलदीप सिंह, योगेश वत्स, नरेश वत्स, नरेन्द्र सिंह, विमला देवी, पीयूष ने भी कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। पहली परफार्मेन्स स्कूल के नन्हे-मुन्नों की रही जिसमें उन्होंने गुरु का महत्व अपनी डांस परफोर्मेंस द्वारा प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने देश की रक्षा करने वाले फौजियों द्वारा निभाए जाने वाले कर्तव्यों को नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया और राजस्थानी, हरियाणवी नृत्य भी किए। इसके बाद विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया क्रमश: फेसबुक, व्हाटअप, इंस्ट्राग्राम को लेकर एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। जिसमें इन सबसेहोने वाले प्रभावों के बारे में जागरूक किया। विद्यार्थियों ने विद्यालय पर आधारित बहुत ही सुंदर नाटक प्रस्तुत किया जिससे प्रभावित होकर मुख्य अतिथि यशपाल शर्मा ने भी बच्चों को उत्साह अपने भाषण द्वारा बढ़ाया। उपसथित स्कूली बच्चों, अभिभावकों, अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा ने कहा कि बच्चों को अपने संस्कार को जानने के लिए घर के बाद सबसे अच्छा माध्यम स्कूल है। स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उसके भौतिक ज्ञान व खेल आदि भी सिखाए जाते है ताकि स्कूल से बच्चा समाज में जाकर एकदम परफेक्ट रहे। बच्चों को मोबाइल का कम से कम प्रयोग करना चाहिए साथ ही घर में बड़े दादा, दादी, भाई, बहन के साथ समय व्यतीत करना चाहिए। यशपाल शर्मा ने अपनी फिल्मी डॉयलाग से कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जैसे हैड बॉय सिद्धार्थ और हैंड गर्ल अदिति भी सम्मानित किया गया। डांस प्रतियोगिता में मनीषा ने प्रथम, करीना ने द्वितीय व कनिष्का ने तृतीया स्थान रहे। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर डायरेक्टर सुमन जैन ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों आभार व्यक्त किया।

# मानव रचना स्कूल के वार्षिक खेल दिवस में पूर्व क्रिकेटर चेतन शर्मा ने बढ़ाया छात्रों का उत्साह

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्री चेतन शर्मा रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल (एमआरआईएस), सेक्टर 21-सी का वार्षिक खेल दिवस गति- रेसिंग विद टाइम का आयोजन मानव रचना विश्वविद्यालय के क्रिकेट मैदान में धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के ब्लूम्ज़ से लेकर दूसरी कक्षा तक के छात्रों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। विभिन्न प्रस्तुतियों में छात्रों ने जहां दिल जीता, वहीं खेलकूद गतिविधियों में खूब दमखम दिखाया। कार्यक्रम की शुरुआत में बैंड प्रस्तुति के साथ स्कूली छात्रों ने अतिथियों का स्वागत किया। एमआरआईएस 21सी और चार्मवुड की कार्यकारी निदेशक श्रीमती निशा भल्ला ने स्कूल में छात्रों को खेलों के लिए बेहतरीन अवसर और अनुकूल माहौल देने के प्रयासों की खूब सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्री चेतन शर्मा ने खेल निदेशक एमआरईआई श्री सरकार तलवार को मशाल सौंपकर वार्षिक खेल दिवस के शुभारंभ की आधिकारिक घोषणा की। एमआरईआई के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला ने छात्रों को कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय के साथ लक्ष्य पाने का संदेश दिया। साथ ही स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती सीमा अनीस को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। सम्मानित अतिथि रहीं वरिष्ठ पत्रकार सुप्रिता दास ने छात्रों को कहा कि खेल जीवन भर के लिए सीख प्रदान करते हैं। खेलों में हम या तो जीतते हैं या सीखते हैं। प्रिंसिपल श्रीमती सीमा अनीस ने स्कूल की उपलबधियों पर रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि स्कूल को हाल ही में खेलों के लिए पुरस्कृत किया गया है, जोकि दर्शाता है कि हम खेलों के लिए बेहतरीन माहौल प्रदान कर रहे हैं। खेल उत्सव के दौरान छात्रों ने योगासन और ताइक्वांडो प्रस्तुतियों खूब हुनर दिखाया। इसके बाद छात्रों ने विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के अभिभावकों के लिए एक फ्रेंडली फुटबॉल मैच आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने भागीदारी निभाई। अंत में सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन पर स्कूल हैड गर्ल गुरनूर कौर ने सभी का आभार जताया।

# निशानेबाजों के लिए प्रतिस्पर्धा करने और प्रतिभा दिखाने का अनूठा अवसर : मुकेश वशिष्ठ

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश भर में 440 खेल नर्सरियां स्थापित की



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, खेल में हार कोई मायने नहीं रखती। इसलिए मायूस न होकर अनुशासित तरीके से खेलते हुए उदाहरण पेश करना चाहिए। यह बात बुधवार को मुख्यमंत्री के मीडिया कार्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने डा. कर्णी सिंह शूटिग रेंज में स्पोर्ट्स फॉर ऑल फाऊंडेशन द्वारा आयोजित तीसरे एयर राइफल-पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कहे। चैंपियनशिप में देश भर से करीब 3000 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के युवा सशक्तिकरण और मार्गदर्शन के दृष्टिकोण की तर्ज पर स्पोर्ट्स फॉर ऑल फाउंडेशन का गठन हुआ है।3 जनवरी से 9 जनवरी तक चलने वाला यह कार्यक्रम नये खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धा में भाग लेने और अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अनूठा अवसर है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा नई खेल नीति के कारण हरियाणा, देश ही नहीं, बल्कि विश्वभर में खेल हब के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। शहरों के साथ-साथ गांव स्तर पर भी खेल सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है। छोटी आयु से ही खेल में रुचि रखने वाले बच्चों को आवश्यक प्रशिक्षण देने के लिए प्रदेश भर में 440 खेल नर्सरियां स्थापित की गई हैं। कार्यक्रम में विंग कमांडर एचसी मान, भाजपा नेता खेमचंद शर्मा, धर्मपाल डागर, सुरेश डागर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा : त्रिलोक चंद


### बीजेपी नेता टीपर चंद शर्मा ने सेक्टर-3 में विकसित भारत संकल्प यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने कहा कि वंचित लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बनकर विकसित भारत संकल्प यात्राएं लोगों के बीच में पहुंच रही हैं। वहीं कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के दिशा-निर्देश पर बीजेपी नेता टीपर चंद शर्मा ने सेक्टर-3 में विकसित भारत संकल्प यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घरद्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। सरकार का उद्देश्य यह है कि कोई भी लाभार्थी सरकार द्वारा जनहित के के लिए क्रियान्वित की गई योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए। एसडीएम त्रिलोक चंद ने बुधवार को सेक्टर-3 के सामुदायिक भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए यह बात कही। वहीं टीपर चंद शर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर/ गरीब वर्ग के लोगों को योजनाओं और परियोजनाओं के दायरे में लाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वैन विशेष रूप से डिजाइन की गई है, जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का सौ फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है। उन्होंने उपसथित लाभार्थियों को जागरूक व प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। वहीं सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन पार्टी द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुसार सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी गीतों के जरिये बेहतर प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर पूरनलाल शर्मा, एडवोकेट नवीन चेची, राजेन्द्र शर्मा, अभिषेक दीक्षित, प्रेम मदान, अरविंद चौधरी, सुरेन्द्र मदान, औमप्रकाश, सुभाष मास्टर, पुष्पा शर्मा, नीलम शर्मा, डॉ शिवानी सहित एमसीएफ व विभिन्न विभागों के अधिकारी गण, कर्मचारियों का स्टॉफ तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सदर बल्लभगढ़ और आदर्श नगर पुलिस ने बॉलीवॉल और क्रिकेट मैच का आयोजन




**सिटी 24 न्यूज**

**बल्लभगढ़।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य तथा डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल की दिशानिर्देश अनुसार थाना सदर बल्लभगढ़ और थाना आदर्श नगर प्रभारियों ने अपनी-अपने थाना क्षेत्र में युवाओं की खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया और युवाओं को नशे के दुष्परिणाम, साइबर क्राइम, यातायात व सडक़ सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि दिनांक 2 जनवरी को थाना प्रबंधक सदर बल्लभगढ़ निरीक्षक बसंत कुमार और उनके थाना की पुलिस टीम, आईएमटी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील कुमार ने थाना सदर बल्लभगढ़ में लगने वाले गांव मुंजेडी, नवादा और मच्छर की क्रिकेट टीमों के मैच का आयोजन कराया। इस दौरान पुलिस टीम ने युवाओं के साथ मिलकर प्रतियोगिता में हाथ आजमाए। इसके पश्चात पुलिस ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के संबंध में और नशे से होने वाली हानियों के बारे में युवाओं को जागरूक किया। साथ ही लोगों से पुलिस ने अपील की अगर आपके एरिया में कोई नशा बेचता है या इसके संबंध में किसी भी प्रकार का गैर कानूनी व्यापार करता है तो आप इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। आप युवाओं को नशे के चंगुल से बचने के लिए जागरूकता अभियान लगातार पुलिस के द्वारा चलाए जा रहा है।साइबर अपराध, डायल 112 की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी। वहीं दूसरी तरफ थाना प्रबंधक आदर्श नगर संजय कुमार उनकी पुलिस टीम ने सेक्टर 62 में वॉलीबॉल की प्रतियोगिता का आयोजन कराया। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को खेलों के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि व्यायाम करना हमारे शरीर को दुरुस्त रखने के लिए अति आवश्यक है और खेलना एक प्रकार का व्यायाम है इसलिए युवाओं को अपना पसीना खेल के मैदान में बहाना चाहिए न कि लड़ाई झगड़ा और अन्य प्रकार के बुरे कार्यों में अपनी ऊर्जा को व्यर्थ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलने से हमारा शरीर तो तंदुरुस्त रहता ही है परंतु इसके साथ-साथ हमारा दिमाग भी एकाग्र रूप से पूरी तरह काम करता है तथा हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पर्याप्त ऊर्जा को बनाए रखना है तथा आलस्य को दूर भगाता है इसलिए हर व्यक्ति को व्यायाम करना चाहिए या किसी भी प्रकार का खेल खेलना चाहिए जिसमें शरीर की कसरत होती रहे। इसके साथ ही पुलिस टीम ने और युवाओं को नशे की दुष्परिणाम, डायल-112 एप, साइबर क्राइम, यातायात के नियमों के बारे में और हमारे नैतिक जिम्मेदारी के बारे में भी जागरूक किया।